

03

'माइंड इफ आई रैम्बल?'

इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ

04

भारतीय मेडिकल ग्रेज्युएट को बड़ी राहत



youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, शुक्रवार, 20 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 62, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

फिक्की के शताब्दी समारोह का पीएम ने किया उद्घाटन

मोदी ने उद्योगपतियों को लताड़ा, बोले 'आपकी भूख इतनी है पेट नहीं भरता'

मृदुभाषी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देश के बड़े उद्योगपतियों को आड़े हाथों लेते हुए तीखी टिप्पणी की और कहा कि 'आपकी भूख इतनी है कि कितना भी खिलाओ, पेट नहीं भरता।' नई दिल्ली के भारत मंडपम में उद्योग जगत के प्रमुख संगठन फिक्की (FICCI) की 100वीं सालगिरह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कॉर्पोरेट जगत की कार्यशैली, उत्पाद की गुणवत्ता, वेतन वृद्धि, रोजगार सृजन और स्वदेशी के मुद्दे पर खुलकर अपनी बात रखी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत किया और 12 लाख रुपए तक की सालाना कमाई को टैक्स फ्री कर दिया, लेकिन सवाल यह है कि क्या कंपनियों ने कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाई या कर्मचारियों की संख्या में इजाफा किया। उन्होंने कंपनियों के रवैये पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कई बार ऐसा लगता है मानो कंपनियां कह रही हों



कि 'मोदी जी, आप करिए, हम तो सिर्फ देखते रहेंगे', लेकिन क्या ऐसे ही काम चलता रहेगा।

140 करोड़ भारतीयों को हल्के में न लिया जाए, अच्छी गुणवत्ता के हकदार

उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि आज भी ग्राहकों को भरोसा दिलाने के लिए 'एक्सपोर्ट क्वालिटी' शब्द का इस्तेमाल करना पड़ता है। उन्होंने उद्योगपतियों से सवाल किया कि आप देश के लोगों को क्या समझते हैं और क्या वे अच्छी गुणवत्ता के हकदार नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों को हल्के में न लिया जाए और न ही उन्हें अपना पक्का ग्राहक मान लिया जाए। कंपनियों को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि जो भी बनेगा, वह भारतीय बाजार में बिक ही जाएगा, बल्कि यह देखना होगा कि उत्पाद की गुणवत्ता क्या है और वह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है या नहीं। उल्लेखनीय है कि फिक्की की स्थापना 1927 में हुई थी और इसका मुख्यालय दिल्ली में है।

सुधारों के सुझाव दें

भविष्य के रोडमैप पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि 100 साल का इंतजार करने के बजाय यह सोचना चाहिए कि अगले 10 साल में देश के विकास के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कारोबारियों को आश्वस्त किया कि वे बिना झिझक अपनी समस्याएं और सुधारों के सुझाव दें, सरकार उनके साथ खड़ी है। साथ ही स्वदेशी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि गांधीजी का संदेश एक सदी बाद भी प्रासंगिक है और यदि आज भी स्वदेशी व आत्मनिर्भरता की याद दिलानी पड़ रही है, तो यह सफलता है या विफलता।

2 महीने में पूर्ण निकासी, 90 फीसदी फंड निकालने की छूट

कर्मचारियों के लिए खुशखबरी : ईपीएफओ के नियमों में बड़ा बदलाव

मृदुभाषी। नई दिल्ली

देश के संगठित क्षेत्र के करोड़ों वेतनभोगी कर्मचारियों और रोजगार संकट से जूझ रहे कामगारों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नियमों में बड़ा बदलाव किया है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की 240वीं बैठक में पीएफ निकासी, न्यूनतम बैलेंस और रिटायरमेंट के बाद किस्तों में भुगतान से जुड़े अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। नौकरी छूटने की स्थिति में अंतिम पीएफ सेटलमेंट के लिए प्रतीक्षा अवधि को फिर से घटाकर 2 महीने कर दिया गया है। अक्तूबर 2025 में इसे बढ़ाकर 12 महीने किया गया था, जिसे बोर्ड ने वापस ले लिया है। हालांकि, पेंशन फंड की पूरी निकासी के लिए 36 महीने की प्रतीक्षा अवधि पूर्ववत रहेगी।आंशिक



निकासी को अधिक लचीला बनाते हुए बोर्ड ने पीएफ खाते में अनिवार्य न्यूनतम बैलेंस की सीमा 25 फीसदी से घटाकर मात्र 10 फीसदी कर दी है। अब सदस्य जरूरत पड़ने पर अपनी जमा पूंजी का 90 फीसदी तक हिस्सा निकाल सकेंगे।

किस्तों में राशि ले सकेंगे

इसके अलावा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) शुरू करने का प्रस्ताव मंजूर हुआ है। इसके तहत 58 वर्ष की आयु में रिटायर होने वाले सदस्य पूरा फंड एक साथ निकालने के बजाय मासिक, त्रैमासिक या छमाही किस्तों में राशि ले सकेंगे और शेष रकम पर ईपीएफ की तय ब्याज दर से ब्याज मिलता रहेगा। इसमें पूरी या आंशिक राशि किस्तों में लेने, केवल ब्याज निकालने या बीच में योजना बंद कर एकमुश्त निकासी करने का विकल्प भी होगा। सदस्य की मृत्यु पर जीवनसाथी या नॉमिनी को तय शर्तों के तहत किस्तों में भुगतान मिल सकेगा। ईपीएफओ के अनुमान के मुताबिक 55 वर्ष से अधिक आयु के करीब 6.32 लाख सदस्यों (जिनके खाते में 5 लाख रुपये से अधिक जमा हैं) को इससे सीधा लाभ मिल सकता है। इसके लिए ईपीएफ योजना में बदलाव व आयकर कानून में संशोधन के लिए वित्त मंत्रालय से बात की जाएगी।बैठक में गिग, प्लेटफॉर्म और घरेलू कामगारों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने पर भी चर्चा हुई।

रामायण सबसे तेजी से 1,500 करोड़ कमाने वाली भारतीय फिल्म

मुम्बई। रणबीर कपूर और यश स्टारर फिल्म रामायण सबसे तेजी से 1,500 करोड़ कमाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है।

इसका वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन रिलीज के 14 दिनों के भीतर 1,519.05 करोड़ पहुंच गया है।इससे पहले यह रिकॉर्ड 'धुरंधर 2' के नाम था। रणवीर सिंह की इस फिल्म ने 16 दिनों में 1,500 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म रामायण का भारत में ग्रॉस कलेक्शन 1,009.05 करोड़ हो गया है। अब यह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ कमाने वाली छठी भारतीय और तीसरी हिंदी फिल्म बन गई है। इसका जलवा अभी जारी है।

दाढ़ी रखने से मौलाना नहीं बनते

आजम खाँन ने कसा ओवैसी पर तंज, जेल से छूटने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस

मृदुभाषी। लखनऊ

जेल से रिहा होने के बाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव, सांप्रदायिक राजनीति और जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर खुलकर अपनी बात रखी। आजम खां के अनुसार, आगामी चुनाव में अभी काफी समय है, लेकिन अब कोई भी चुनाव जाति और धर्म के नाम पर नहीं लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्म को धर्म वाले और मजहब को मजहब वाले ही नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान आजम खां ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन



ओवैसी का नाम लिए बिना उन पर सीधा राजनीतिक कटाक्ष किया। आजम खां ने कहा कि वह पेशे से बैरिस्टर हैं, न कि कोई मौलाना। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि केवल दाढ़ी रख लेने से कोई मौलाना या साधू नहीं बन जाता। उनके मुताबिक, मौलाना बनने के लिए मौलवियत की और फतवा देने के लिए मुफ्ती की बाकायदा डिग्री होना आवश्यक है। खानपान के माध्यम से सियासी संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि रामपुर और इस पूरे खित्ते (क्षेत्र) में हैदराबादी बिरयानी पसंद नहीं की जाती, बल्कि यहां के लोग पुलाव और मटन बिरयानी पसंद करते हैं और वही खाते हैं।

यूपी में फैलाया जा रहा नफरत का एजेंडा'

अपने संबोधन में आजम खां ने प्रदेश सरकार, संवैधानिक संस्थाओं और केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में नफरत का एजेंडा फैलाया जा रहा है और ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है।

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी भारत ने मलेशिया को 4-1 से हराया

मृदुभाषी। भोपाल

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में मेजबान भारतीय टीम ने जीत के साथ शानदार आगाज किया है। बरखेड़ा नाथू स्थित हॉकी स्टेडियम में गुरुवार को दर्शकों से भरे मैदान पर भारतीय टीम ने मलेशिया को 4-1 से शिकस्त दी। पूजा साहू प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

पहले क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। दूसरे क्वार्टर में मलेशिया की नुरामीराह जुल्किफ्ली ने 19वें मिनट में बढ़त बनाई, लेकिन खान मुमताज ने 19 मिनट 40 सेकंड पर गोल कर बराबरी दिला दी। तीसरे क्वार्टर में कप्तान सलीमा टेटे ने 34:32 मिनट और पूजा साहू ने 38:50 मिनट पर गोल कर भारत को 3-1 से आगे किया। चौथे क्वार्टर में लालरेमसियामी ने 48:25 मिनट पर चौथा गोल दागा। भारत ने 13 पेनल्टी कॉर्नर में से तीन को गोल में बदला और एक फील्ड गोल किया, जबकि मलेशिया को कोई पेनल्टी कॉर्नर नहीं मिला।

पहले मैच में चीन ने थाईलैंड को 7-0 से करारी मात दी

दिन के पहले मैच में चीन ने थाईलैंड को 7-0 से करारी मात दी। दूसरे क्वार्टर में फेंग किंगमियाओ (27वें मिनट) और डेंग क्यूचान (28वें मिनट) ने गोल किए। तीसरे क्वार्टर में फेंग किंगमियाओ (32वें), वेई किक्सियाओ (33वें), चेन युजुन (38वें) और डेंग क्यूचान (42वें) ने गोल दागकर स्कोर 6-0 पहुंचाया, जबकि झांग हेयांग ने 59वें मिनट में सातवां गोल किया। चीन ने 10 पेनल्टी कॉर्नर में से तीन भुनाए। वहीं दूसरे मुकाबले में जापान ने आखिरी क्षणों में बाजी पलटते हुए दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया। पहले तीनों क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद 58:59 मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर से सैतो हानामी ने निर्णायक गोल किया। जापान ने 13 पेनल्टी कॉर्नर में से एक गोल किया और एक पेनल्टी स्ट्रोक गंवाया, जबकि कोरिया दो पेनल्टी कॉर्नर व एक स्ट्रोक के बावजूद खाता नहीं खोल सका।



खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है और हमारा राष्ट्रीय खेल हॉकी एक बार फिर अपने स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर रहा है। राजधानी भोपाल के बरखेड़ा नाथू स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहली बार महिला हॉकी की अंतर्राष्ट्रीय एशियन चैंपियनशिप का आयोजन मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत गौरव और उपलब्धि का विषय है। गुरुवार को एशियन विमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 के भव्य शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत सहित छह देशों की टीमों और खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में खेल अधोसंरचना विकास और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री का आभार माना।

चीन चौथे व भारत सातवें स्थान पर


टूर्नामेंट में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें राउंड रॉबिन में खेलेंगी और शीर्ष चार सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। शहर में पहली बार महिला हॉकी का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हो रहा है, जिसमें विश्व रैंकिंग में चीन चौथे व भारत सातवें स्थान पर है।

तूफान अकवान रास्ता बदलकर ओड़िशा की ओर मुड़ा

मृदुभाषी। एजेंसी

चेन्नई। तूफान अकवान से पहले ओडिशा में 80 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। 6 जिलों में 19 से 21 नवंबर तक स्कूल, आंगनवाड़ी बंद रहेंगे। 74 रेस्क्यू टीम तैनात हैं।

तूफान के चलते भुवनेश्वर, विशाखापट्टनम और कोलकाता आने-जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट्स भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि, इनकी संख्या नहीं बताई गई है। एयरलाइन ने यात्रियों को एयरपोर्ट जाने से



पहले फ्लाइट स्टेटस चेक करने की सलाह दी है। IMD ने बताया कि अकवान शुक्रवार दोपहर आंध्र प्रदेश के नरसापुर और ओडिशा के पुरी के बीच तट से टकरा सकता है। इस दौरान 90 से 110 kmph की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। तूफान के असर से ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश जारी है। नेवी और दूसरी एजेंसियां बचाव की तैयारियों में जुटी हैं। चक्रवात के चलते 10 राज्यों में मौसम बदलेगा।तूफान ने रास्ता बदला, ओडिशा की तरफ मुड़ा पहले अनुमान था कि अकवान आंध्र प्रदेश तट से टकराएगा, लेकिन गुरुवार को इसने रास्ता बदला और अब यह आंध्र और ओडिशा के बीच टकराएगा। इधर, न्यूज एजेंसी ANI ने तूफान के गुरुवार को ही तट से टकराने की जानकारी दी थी, बाद में इसे शुक्रवार कर दिया गया।

सौगात ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन, केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने किया शुभारं

3,600 करोड़ के निवेश से 15 हजार रोजगार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

ग्वालियर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व देश को तकनीकी आत्मनिर्भरता और औद्योगिक विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। इसी संकल्प के तहत ग्वालियर में 170 एकड़ में देश का पहला इंटीग्रेटेड टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन (टीएमजेड) विकसित किया जा रहा है, जो 5जी, 6जी, सैटकॉम, ऑप्टिकल फाइबर और आईओटी जैसी तकनीकों के अनुसंधान, नवाचार, परीक्षण और विनिर्माण का केंद्र बनेगा।

गुरुवार को भोपाल में आयोजित टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन इन्वेस्टर मीट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर टीएमजेड के दूसरे चरण (450.45 एकड़) का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर 25 कंपनियों को आशय पत्र



वितरित किए गए, जिनसे 3,600 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा और 15 हजार से अधिक रोजगार सृजित होंगे।

2,700 से अधिक अनुपालनों और 925 अनावश्यक कानून समाप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई 2026 में एमओयू के महज चार-पांच महीने में पहले फेज का आवंटन और दूसरे फेज का शुभारंभ मध्यप्रदेश की तीव्र कार्यप्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश केवल घोषणाएं करने वाला राज्य नहीं, बल्कि विकास कार्यों को तीव्र गति से धरातल पर उतारने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। मध्यप्रदेश ने फाइल वर्क से आगे निकलकर फील्ड वर्क पर ध्यान दिया। राज्य में 2,700 से अधिक अनुपालनों और 925 अनावश्यक कानूनों को समाप्त किया गया है, जिससे प्रदेश की विकास दर 11 प्रतिशत से अधिक और औद्योगिक विकास दर 24 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि आगामी 13 दिसंबर को सरकार के तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिनमें से 432 दिन औद्योगिक विकास पर मंथन हुआ है। अब ग्वालियर संगीत के साथ दूरसंचार और तकनीक की नगरी के रूप में भी पहचाना जाएगा। औद्योगिक ऊर्जा जरूरतों के लिए गांधीसागर के पास 2000 मेगावाट की पंप्ड हाइड्रो पॉवर परियोजना का कार्य रिकॉर्ड ढाई साल में पूरा हो रहा है।

ब्रॉडबैंड उपभोक्ता 6 करोड़ से बढ़कर 102 करोड़

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में ब्रॉडबैंड उपभोक्ता 6 करोड़ से बढ़कर 102 करोड़ और इंटरनेट कनेक्शन 110 करोड़ तक पहुंच गए हैं। सिंधिया ने कहा कि देश के 99 प्रतिशत गांवों में 4जी और 50 करोड़ लोगों तक 5जी पहुंच चुका है, अब भारत 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेगा। उन्होंने ग्वालियर की बेहतर कनेक्टिविटी और इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नजदीकी को निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल बताया।

युवाओं के कौशल विकास हेतु नए कोर्स शुरू होंगे :वर्णमाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने निवेशकों को 'डेवलपमेंट पार्टनर' बताते हुए कहा कि दिसंबर से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सचिवालय पूरी क्षमता से कार्य करेगा और युवाओं के कौशल विकास हेतु नए कोर्स शुरू होंगे। केंद्रीय संचार मंत्रालय के अपर सचिव श्यामल मिश्रा ने बताया कि पहले चरण के लिए केंद्र ने 493 करोड़ रुपये की सहायता दी है। कार्यक्रम में मंत्री तुलसीराम सिलावट, विश्वास कैलाश सारंग, प्रद्युम्न सिंह तोमर, चैतन्य काश्यप, महापौर मालती राय सहित अनेक जनप्रतिनिधि व निवेशक उपस्थित रहे।

राहुल गांधी के अमेरिकी बोल पर सियासी घमासान

चुनाव प्रणाली पर सवाल, भाजपा की 'AI मॉडल' भेजने की सलाह

मृदुभाषी। एजेंसी

न्यूयार्क। अमेरिका दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शिकागो यूनिवर्सिटी में छात्रों से संवाद के दौरान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और भारतीय चुनावी प्रक्रिया को लेकर कई तीखे बयान दिए हैं। संवाद के दौरान जब एक पाकिस्तानी छात्र ने दोनों देशों के बीच मतभेद भुलाकर साथ काम करने की संभावना पर सवाल पूछा, तो राहुल गांधी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे निर्दोष लोगों की हत्या होती रहेगी, तब तक पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह की बातचीत संभव नहीं है; आतंकवाद रुकने के बाद ही संवाद का रास्ता खुल सकता है। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने भारत की चुनावी प्रणाली और 2024 के लोकसभा चुनाव की वैधता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि 2024 का चुनाव वैध नहीं था क्योंकि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी नाम शामिल थे। अपने दावे के समर्थन में उन्होंने कहा कि एक ब्राजीलियाई महिला, जो कभी भारत आई ही नहीं, उसके नाम से एक विधानसभा चुनाव में 23 बार मतदान किया गया। चुनावी गड़बड़ियों के आरोपों के बावजूद चुनाव का बहिष्कार न करने के सवाल पर राहुल ने कहा कि ऐसा करने से भारतीय लोकतंत्र खत्म हो जाएगा और कांग्रेस यह नहीं चाहती। दूसरी ओर, राहुल गांधी के इन बयानों पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा पलटवार किया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को राहुल गांधी को विदेश भेजने पर पैसा खर्च करने के बजाय उनका एक 'AI मॉडल' विदेश भेजना चाहिए। राहुल गांधी हर जगह बार-बार एक ही तरह की बातें दोहराते हैं, ऐसे में एक AI मॉडल उनसे बेहतर काम कर सकता है।

बदहाल स्थिति में है 350 से ज्यादा सुविधाघर, 90 फीसदी में पानी नहीं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। स्वच्छता में लगातार आठ बार देशभर में नंबर वन रहने वाले इंदौर शहर में सार्वजनिक सुविधाघरों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। नगर निगम सीमा में बने 350 से अधिक सुविधाघर उचित रखरखाव के अभाव में बदहाल पड़े हैं।

आलम यह है कि इनका उपयोग करना तो दूर, तीव्र दुर्गंध और गंदगी के कारण इनके पास से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। जमीनी हकीकत यह है कि 90 प्रतिशत से ज्यादा सुविधाघरों में पानी की व्यवस्था ही नहीं है। पानी के इंतजाम के नाम पर प्लास्टिक और सीमेंट की टंकियां तो रखी गई हैं, लेकिन सालों से निगम ने इनकी सुध नहीं ली है, जिससे



पाइपलाइनें भी उखड़ चुकी हैं।

80 प्रतिशत से अधिक सुविधाघरों से यूरिनल गायब

सुविधाघरों के रखरखाव पर कागजों में हर साल 10 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च दर्शाई जाती है, लेकिन धरातल पर केवल खानापूर्ति हो रही है। 80 प्रतिशत से अधिक सुविधाघरों से यूरिनल गायब हो चुके हैं, जबकि बाहर लगे वाश-बेसिन शत-प्रतिशत स्थानों पर या तो टूटे पड़े हैं या अनुपयोगी हो चुके हैं। कई स्थानों पर गंदगी ओवरफ्लो होकर सीधे सड़कों पर बह रही है। यह दुर्दशा केवल बाहरी इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रमुख बाजारों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों

हर साल 10 करोड़ रुपए खर्च के बावजूद सड़क पर बह रही गंदगी

में भी यही हाल है, जहां रोजाना हजारों लोगों और बाहर से आने वाले यात्रियों का आवागमन रहता है।

नए सिरे से बनाई जा रही कार्ययोजना

प्रमुख इलाकों की स्थिति से इस लापरवाही को समझा जा सकता है। सराफा बाजार में नल टूटा पड़ा है और पानी नहीं है। सियागंज में गंदगी और पानी के अभाव के कारण लोग खुले में निवृत्त होने को मजबूर हैं। सरवटे बस स्टैंड के ठीक सामने स्थित सुविधाघर तक पहुंचने का रास्ता तक अवरुद्ध है, वहीं पानी गायब है और वाश-बेसिन फूट चुका है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार के बाहर और जवाहर मार्ग (उदापुरा व सियागंज क्षेत्र) में गंदगी सड़क पर बहने और बदबू के कारण वहां खड़े रहना भी दूभर है।इस गंभीर अव्यवस्था पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि सुविधाघरों की व्यवस्था सुधारने के लिए नए सिरे से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल पड़ा भारी, 15 दिन में 1,018 पर कार्रवाई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



इंदौर। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करना, मैसेज पढ़ना या स्क्रीन देखना अब शहर के वाहन चालकों को भारी पड़ रहा है। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले लापरवाह चालकों के खिलाफ इंदौर की यातायात प्रबंधन पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने 1 से 15 नवंबर 2026 के बीच मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाने वाले 1,018 चालकों के खिलाफ वैधानिक और चालानी कार्रवाई की है।

यातायात पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण बन रहा है। वाहन चलाते समय महज कुछ सेकंड के लिए भी सड़क से ध्यान भटकने पर गंभीर हादसा हो सकता है। इस लापरवाही का खामियाजा न केवल वाहन चालक को भुगतना पड़ता है, बल्कि सड़क पर चल रहे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों की जान भी जोखिम में पड़ जाती है।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह और डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान में सख्ती के साथ-साथ जनजागरूकता पर भी जोर दिया जा रहा है। यातायात पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि वे ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग बिल्कुल न करें। यदि कोई आवश्यक कॉल आए तो पहले वाहन को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रोकें और उसके बाद ही बात करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कॉल कुछ देर बाद भी की जा सकती है, लेकिन वाहन चलाते समय हुई छोटी-सी चूक जानलेवा साबित हो सकती है।



नशे के सौदागरों पर रहेगी तीसरी आंख की नजर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। गोमा की फेल इलाके में अब नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस की सीधी और पैनी नजर रहेगी। क्षेत्र में 42 कम्युनिटी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी लाइव फीड गुरुवार से तुकोगंज थाने में शुरू हो गई है। इन कैमरों के माध्यम से पुलिस इलाके की सतत निगरानी कर ड्रग्स और पाउडर खरीदने-बेचने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी। गुरुवार दोपहर तुकोगंज थाने में आयोजित कार्यक्रम में विधायक महेंद्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में इस व्यवस्था का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कम्युनिटी सीसीटीवी कैमरे सबसे सशक्त माध्यम हैं। गोमा की फेल में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि यहां नशीले पदार्थों के तस्कर और अपराधी सक्रिय हैं, लेकिन दहशत के कारण स्थानीय लोग पुलिस या जनप्रतिनिधियों को उनके नाम बताने और रिपोर्ट दर्ज कराने से कतराते थे। अब कैमरों की मदद से पुलिस सीधे ऐसे तत्वों की पहचान कर सकेगी। उन्होंने इसे वर्ष 2029 तक देश को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

646 स्थानों पर 1,926 कैमरे लगे

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कम्युनिटी सीसीटीवी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक इंदौर में 646 स्थानों पर 1.74 करोड़ रुपए की लागत से 1,926 कैमरे लगाए जा चुके हैं, वहीं तुकोगंज क्षेत्र में इन 42 नए कैमरों के साथ कुल संख्या 100 हो गई है। शहर के लगभग 65 प्रतिशत हिस्से को कवर करने के लिए चिह्नित किया गया है, जबकि शेष 30 से 35 प्रतिशत क्षेत्रों में जनसहयोग से जल्द ही कैमरे लगवाए जाएंगे।

इन कैमरों की स्थापना व रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय कम्युनिटी की रहेगी।

देवउठनी एकादशी के साथ आज से गूंजेगी शहनाई, पांच माह में 27 मुहूर्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। चातुर्मास समाप्त होने के बाद प्रबोधिनी एकादशी पर शुक्रवार को भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागेंगे और इसी के साथ शहर में मांगलिक कार्यों व शादियों के मौसम की शुरूआत हो जाएगी।

अगले पांच महीनों तक शहर में शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी, जिसमें विवाह के कुल 27 शुभ मुहूर्त हैं। इन मुहूर्तों के लिए शहर के मैरिज गार्डन और धर्मशालाएं दो माह पहले से ही बुक हो चुकी हैं। अनुमान है कि इस वेडिंग सीजन में इंदौर में एक हजार से अधिक विवाह संपन्न होंगे, जिससे बाजार में करीब 300 करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है।

छोटी दीपावली जैसा उत्साह देखने मिलेगा

प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को शहर में छोटी दीपावली जैसा उत्साह देखने को मिलेगा। घर-घर में तुलसी विवाह के पारंपरिक उत्सव मनाए



जाएंगे और बड़े मंदिरों में भी शाम को विशेष आरती व अनुष्ठान होंगे।

इसके मद्देनजर गुरुवार को शहर के बाजारों में गन्ने और पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी हुई। शुक्रवार शाम को शहरवासी आतिशबाजी कर इस पावन पर्व का स्वागत करेंगे। पंचांग के अनुसार, इस बार सबसे अधिक विवाह फरवरी माह में होंगे, जिसमें नौ शुभ मुहूर्त हैं, जबकि जनवरी और मार्च में पांच-पांच मुहूर्त पड़ रहे हैं। शादियों के इस सीजन से पर्यटन, होटल और इवेंट सेक्टर में खासा उत्साह है।

इंदौर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सूरी के अनुसार, इस सीजन में 300 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। उन्होंने बताया कि इंदौर में कई परिवारों का विवाह बजट करोड़ों रुपये में होता है। स्थानीय आयोजनों के अलावा डेस्टिनेशन वेडिंग का चलन भी तेजी से बढ़ा है। शहर के कई परिवार मांडू और महेश्वर में शादियां कर रहे हैं, वहीं इंदौर के तीन-चार परिवारों ने शाही अंदाज में विवाह के लिए उदयपुर के पैलेस भी बुक किए हैं।

गोधा एस्टेट के गेट पर बदमाश ने किए 6 फायर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। गांधी नगर थाना क्षेत्र की गोधा एस्टेट कॉलोनी के गेट पर बुधवार देर रात हेलमेट पहने एक बदमाश ने पिस्टल से लगातार 6 फायर कर दहशत फैला दी। गोलियों की आवाज सुनकर गार्ड उसकी ओर लपका, लेकिन बदमाश वहां से फरार हो गया। गार्ड ने तुरंत सिक्योरिटी इंचार्ज प्रमोद पटेल को घटना से अवगत कराया, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके से 6 खोखे जब्त किए हैं, हालांकि देर रात तक कोई ठोस सुराग या सीसीटीवी फुटेज हाथ नहीं लग सका था।

पुलिस अब इस पड़ताल में जुटी है कि के अनुसार, यह घटना बुधवार रात करीब 12 बजे की है। कॉलोनी के गेट पर गार्ड बुद्धदेव सेन तैनात थे, तभी हेलमेट पहने एक युवक वहां आया और पिस्टल से एक के बाद एक 6 गोलियां चला दीं। फायरिंग की आवाज सुनकर गार्ड उसकी ओर लपका, लेकिन बदमाश वहां से फरार हो गया। गार्ड ने तुरंत सिक्योरिटी इंचार्ज प्रमोद पटेल को घटना से अवगत कराया, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके से 6 खोखे जब्त किए हैं, हालांकि देर रात तक कोई ठोस सुराग या सीसीटीवी फुटेज हाथ नहीं लग सका था।

पुलिस अब इस पड़ताल में जुटी है कि बदमाश ने किस उद्देश्य से कॉलोनी के गेट पर फायरिंग की। प्रारंभिक तौर पर इस घटना को कॉलोनी के बिल्डर को डराने-धमकाने की आशंका से जोड़कर भी देखा जा रहा है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व लसूड़िया क्षेत्र के एक ट्रांसपोर्टर को रोहित गोदारा गैंग के नाम से गोली मारने की धमकी मिली थी और बाद में उसके बेटे को भी धमकाया गया था, जिसकी जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। फिलहाल गांधी नगर पुलिस गोधा एस्टेट की फायरिंग के पीछे की मंशा और फरार आरोपी की पहचान करने में लगी है।

दोस्त से मिलने इंदौर आए 24 वर्षीय बीटेक स्नातक की संदिग्ध मौत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। छिंदवाड़ा से अपने दोस्त से मिलने इंदौर आए 24 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक बुधवार को ही शहर आया था और शाम को दोस्त के साथ खाना खाने जाते समय रास्ते में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे तीन अस्पतालों में ले जाया गया, जहां एमवाय अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परदेशीपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।परदेशीपुरा थाना प्रभारी पंकज द्विवेदी के अनुसार, मृतक की पहचान छिंदवाड़ा निवासी हर्ष पिता शरद के रूप में हुई है। हर्ष बुधवार को स्कीम नंबर 90 में रहने वाले अपने मित्र प्रखर से मिलने इंदौर आया था। शाम को दोनों खाना खाने के लिए खंडवा रोड की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में हर्ष को अचानक तेज घबराहट और बेचैनी होने लगी। तबीयत बिगड़ने पर उसने गाड़ी रुकवाई और नीचे उतरकर सड़क किनारे लेट गया।घबराए प्रखर ने तत्काल हर्ष को तेजाजी नगर स्थित ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे दूसरे अस्पताल ले जाने को कहा। इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। एमवाय अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद हर्ष को मृत घोषित कर दिया।

गदंगी मिलने पर मीट की 5 दुकानें सील

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। नगर निगम ने शहर में मांस-मछली और चिकन की दुकानों पर सफाई व्यवस्था को लेकर कार्रवाई की। गंदगी और अपशिष्ट प्रबंधन में लापरवाही मिलने पर 5 दुकानों को सील कर दिया गया।यह कार्रवाई गुरुवार शाम 4 बजे शांतिपथ मटन मार्केट, कड़ाऊघाट, हवा बंगला और विदुर नगर क्षेत्र में की गई। इस दौरान निगम की टीम ने 90 हजार रुपए से ज्यादा का बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क भी वसूला।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि टीम ने शांतिपथ मटन मार्केट, कड़ाऊघाट, हवा बंगला और विदुर नगर स्थित मीट दुकानों का निरीक्षण किया था। इस दौरान दुकानों में सफाई व्यवस्था और अन्य निर्धारित व्यवस्थाएं ठीक नहीं मिलने पर पांच दुकानों को सील किया गया। इसके अलावा शांतिपथ मटन मार्केट की दुकानों पर गंदगी और सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर 1500 रुपए का चालान भी बनाया गया।

90 हजार रुपए से ज्यादा का बकाया शुल्क जमा कराया

मीट प्रभारी राजेश पतरोड के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के दौरान टीम ने दुकानदारों से बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क की वसूली भी की। निगम अधिकारियों के मुताबिक, निरीक्षण और वसूली अभियान के दौरान 90 हजार रुपए से अधिक का बकाया शुल्क जमा कराया गया। निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में मीट दुकानों पर सफाई व्यवस्था बनाए रखने और मीट अपशिष्ट का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण और कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होने दुकानदारों से अपनी दुकानों पर साफ-सफाई रखने की बात कही है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। **श्री विजय पिताश्री जमनाप्रसाद अनचेरा** पिन **9000443695**, झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 37,। पता **239-एम.आर.-2, महालक्ष्मी नगर, इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **20.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 08 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, शहीद चन्द्रशेखर आजाद झोन क्रमांक 08 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्रीमती मधु जैन पतिश्री अजय जैन, विक्रेता श्री विजय अग्रवाल पिताश्री करुणाकर अग्रवाल** पता **21, राजश्री कॉलोनी, इंदौर,** पिन **9000199808,** झोन क्र. 01। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन 20.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री स्वदीपसिंह पिताश्री विरेन्द्र सिसौदिया** के द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्रमांक 32 राजस्व विभाग पर **पिन नं. 1001339886** पर आवेदन प्रस्तुत कर **मकान नं. 67, गोयल एवेन्यू, निपानिया, इन्दौर** के दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **20-11-2026** से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामान्तरण पर आपत्ति हो तो पंजीजन कार्यालय मोती तबेला झोन क्रमांक-32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

नगर पालिक निगम, इन्दौर तबेला झोन क्र. 32 नगर निगम इन्दौर पंजीयन

यूपीआई भुगतान करने वाले अधेड़ों को निशाने पर ले रहे है बदमाश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर में मोबाइल चोरी करने वाला एक शातिर गिरोह सक्रिय है, जो वारदातों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षित नाबालिगों का इस्तेमाल कर रहा है। इस गिरोह के निशाने पर मुख्य रूप से भीड़भाड़ वाले बाजारों, दुकानों और रेस्टोरेंट में यूपीआई से भुगतान करने वाले अधेड़ उम्र के लोग रहते हैं। गिरोह का तरीका बेहद अलग है; इसके किशोर सदस्य दुकानों पर ग्राहकों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं और यूपीआई पिन देख लेते हैं। जैसे ही ग्राहक भुगतान कर मोबाइल जेब में रखता है, किशोर उसका पीछा करते हैं और भीड़ का फायदा उठाकर फोन उड़ा लेते हैं। फोन हाथ लगते ही पीछे खड़ा गिरोह का मुख्य सदस्य उसे लेकर वाहन से फरार हो जाता है।

यूपीआई के जरिए खाते से रुपये भी निकाल रहे

जांच में सामने आया है कि कई बार ग्राहक फोन लॉक करना भूल जाते हैं या बदमाश पहले ही पिन देख चुके होते हैं, जिसका फायदा उठाकर गिरोह तत्काल यूपीआई के जरिए खाते से रुपये भी निकाल लेता है। क्राइम ब्रांच और विभिन्न थानों में इस तरह की दस से अधिक घटनाएं सामने आ चुकी हैं और पुलिस गिरोह के नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। दूसरी ओर गत दिवस शहर में आयोजित पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में भी 200 से ज्यादा मोबाइल चोरी होने की आशंका है। पीड़ित लगातार शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन खजराना पुलिस और क्राइम ब्रांच सीधे एफआईआर दर्ज करने के बजाय सिटीजन कॉप ऐप पर शिकायतें ले रही हैं। कार्यक्रम में शामिल एक युवक के अनुसार, उसका आईफोन चोरी होने के बाद पहले मांगलिया, फिर देवास और अगले दिन दिल्ली की लोकेशन मिली। इससे अंदेशा है कि कॉन्सर्ट में दिल्ली के करीब दस से ज्यादा पेशेवर बदमाशों का गिरोह सक्रिय था।



पहले मैच में भारत ने मलेशिया को 4-1 से हराया

भोपाल में महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का हुआ शुभारंभ

मृदुभाषी। भोपाल



राजधानी भोपाल के बरखेड़ा नाथू स्थित अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के हॉकी स्टेडियम में एशियन विमेंस हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी टीमों और खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में खेलों के लिए सकारात्मक माहौल बना है तथा हॉकी एक बार फिर स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने मध्यप्रदेश में खेल अधोसंरचना विकास और सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया और भोपाल में पहली बार महिला हॉकी की अंतर्राष्ट्रीय एशियन चैंपियनशिप के आयोजन को प्रदेश के लिए गौरव व उपलब्धि बताया। टूर्नामेंट में भारत सहित छह देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय टीम की स्पोर्ट्स जर्सी का विमोचन किया और पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि यह दिन खिलाड़ियों, हॉकी प्रेमियों और प्रदेशवासियों के लिए गौरव के क्षण हैं तथा उम्मीद जताई कि सभी खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता से उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और मध्यप्रदेश के आतिथ्य का अनुभव लेंगे। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 4-1 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की, जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव, दर्शकों और खेल पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खेल संगठनों के पदाधिकारी दिग्विजय सिंह, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, खेल विभाग के सचिव संजीव सिंह, खेल संचालक चंचल शेखर, पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद, महबूब खान, जलालुद्दीन रिजवी, मोहम्मद यूसुफ, मधु यादव, समीर दाद, विवेक सागर, एशियाई खेलों के पूर्व खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

ओरल हेल्थ पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश

इसी सत्र में खुलेगा एमपी में एक और शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय

मृदुभाषी। भोपाल



मध्यप्रदेश में इसी सत्र में एक और शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य दंत परिषद के हीरक जयंती समारोह और युवा दंत चिकित्सक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने मुंह के कैंसर की रोकथाम और बेहतर उपचार के लिए सुझाव आमंत्रित करते हुए दंत परिषद को ओरल हेल्थ पॉलिसी का ड्राफ्ट प्रस्तुत करने को कहा। मुख्यमंत्री ने दूरस्थ व जनजातीय क्षेत्रों में मेडिकल कॉलेज खोलने पर जोर दिया ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ सके, साथ ही पीएससी से चयनित दंत चिकित्सकों को बधाई दी और उत्कृष्ट कार्य करने वाले दंत चिकित्सकों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में समान विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक लाख से अधिक शासकीय सेवकों को पदोन्नति दी गई है, 85 हजार पदों पर भर्ती हुई है और अगले दो साल में 2 लाख रिक्त पद भरे जाएंगे। वर्ष 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाने की योजना के तहत दो बार पीएससी परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2002-03 के 5 और 2023 के 19 से बढ़कर 33 हो गई है, वहीं एक वर्ष में 9 शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज शुरू किए गए हैं तथा मंडला, डिंडौरी और सागर सहित हर जिले में मेडिकल और आयुर्वेदिक कॉलेज खोले जा रहे हैं। युवा दंत चिकित्सकों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने व्यवस्थित दिनचर्या, मन से काम करने, अच्छी नींद, योग व ध्यान अपनाने और कम खर्च में गरीबों को इलाज उपलब्ध कराने का आह्वान किया। उन्होंने बेटियों की शिक्षा और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों से जोड़ने की आवश्यकता बताई तथा कहा कि सांदीपनि विद्यालयों, स्कूल बस सुविधा, जनधन खातों और डीबीटी से पारदर्शिता व जनकल्याण को गति मिली है। कार्यक्रम को म.प्र. दंत चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश शुक्ला और डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा ने भी संबोधित किया, जबकि बड़ी संख्या में दंत चिकित्सक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

परिजनों ने लगाया दबाव का आरोप

पीडब्ल्यूडी इंजीनियर की संदिग्ध पर कार्रवाई नहीं

मृदुभाषी। भोपाल




लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहीं आरती यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में परिजनों ने कार्रवाई की मांग तेज कर दी है। मृतका के भाई भूपेंद्र जरिया ने मौत को हत्या बताते हुए पति नीलेश यादव, ससुर केशव सिंह यादव सहित अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि 24 जुलाई को हुई इस घटना को चार महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

भूपेंद्र जरिया के अनुसार आरती ने नीलेश यादव से प्रेम विवाह किया था, लेकिन विवाह के बाद से ही पति छोटी-छोटी बातों पर उन्हें परेशान करता था। उन्होंने बताया कि नीलेश यादव पीडब्ल्यूडी में सब इंजीनियर के पद पर इंदौर में पदस्थ थे, जबकि ससुर केशव सिंह यादव इसी विभाग में भोपाल में उच्च पद पर कार्यरत हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि विभाग में प्रभावशाली पदों पर होने के कारण आरोपियों का पुलिस पर दबाव है, जिसके चलते कार्रवाई में देरी हो रही है। परिजनों का कहना है कि मामले में निष्पक्ष जांच के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर शिकायत दी जा चुकी है और राष्ट्रपति को भी पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा करने और जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

खजूरीकलां व करोंद में निर्माण ढहाए; अरेरा कॉलोनी में विरोध

भोपाल में अवैध कॉलोनियों पर नगर निगम की जेसीबी कार्रवाई

मृदुभाषी। भोपाल



अवैध कॉलोनियों और नियमों के उल्लंघन वाले निर्माण कार्यों के खिलाफ नगर निगम ने गुरुवार को तीन इलाकों में कार्रवाई की। खजूरीकलां के खसरा नंबर 166 के अंश भाग पर करीब एक एकड़ जमीन में बिना अनुमति विकसित की जा रही एसआर ग्रीन कॉलोनी में निगम ने जेसीबी से निर्माण और सड़क उखाड़ने की कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार इस जमीन का बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रुपये आंका गया है और यहां से प्रस्तावित मास्टर प्लान की सड़क निकलनी है। वहीं करोंद के पलाशी क्षेत्र में करीब 25 एकड़ जमीन पर चल रही अवैध कॉलोनी की गतिविधियों के खिलाफ पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी चलाकर सड़क व बाउंड्रीवॉल सहित अन्य निर्माण हटाए गए। दूसरी ओर अरेरा कॉलोनी में कार्रवाई करने पहुंचे निगम के अमले को विरोध का सामना करना पड़ा, जहां दो दीवारें तोड़ने के बाद टीम वापस लौट गई। अधिकारियों के मुताबिक इन कार्रवाइयों का उद्देश्य बिना अनुमति हो रहे विकास कार्यों को रोकना और प्रस्तावित मास्टर प्लान की सड़कों के लिए रास्ता सुरक्षित करना है। यह कार्रवाई नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे द्वारा 18 नवंबर को नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार को लिखे गए पत्र के बाद तेज हुई है। पत्र में शहर में एमओएस, एफएआर और बेसमेंट से संबंधित भवन निर्माण नियमों के उल्लंघन पर नाराजगी जताई गई थी, जिसके बाद निगम की टीम मैदान में उतरी।

मध्यप्रदेश मंडप का आईआईटीएफ-2026 में शुभारंभ औद्योगिक उपलब्धियां और सांस्कृतिक छटा प्रदर्शित

मृदुभाषी। भोपाल



भारत मंडपम में 45वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (IITF)-2026 में मध्यप्रदेश मंडप का शुभारंभ हुआ। मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम (एमपीएलयूएन) के अध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया।

मेले की इस वर्ष की थीम 'विकास और विरासत' के अनुरूप मंडप को विशिष्ट स्वरूप दिया गया। इसमें प्रदेश की औद्योगिक नीतियों, एमएसएमई क्षेत्र और स्टार्टअप की उपलब्धियां प्रदर्शित की गईं। निवेश की संभावनाओं, भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) प्राप्त उत्पादों को भी दर्शाया गया। एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) की उपलब्धियां भी मंडप में शामिल थीं। जरी-जरदोजी, गोंड पेंटिंग, ढोकरा कला और लौह शिल्प का सजीव प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र बना। महाकाल लोक की स्थापत्य शैली से प्रेरित प्रवेश द्वार ने मंडप को विशिष्ट पहचान दी। खजुराहो, सांची और ग्वालियर किला जैसे ऐतिहासिक स्थलों की झलक भी मंडप में दिखी। मध्यप्रदेश दिवस पर भारत मंडपम परिसर के एम्फीथिएटर-1 में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और जनजातीय परंपराओं पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। बुंदेली लोक संगीत और भील जनजाति के पारंपरिक भगोरिया लोक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। ऋषि विश्वकर्मा और उनके समूह ने बुंदेली लोक संगीत प्रस्तुत किया। कैलाश शिशोदिया और उनके समूह, धार ने भगोरिया लोक नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति दी।

विकास और विरासत का संतुलनः सत्येन्द्र भूषण सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश विरासत के संरक्षण के साथ विकास की दिशा में निरंतर अग्रसर है। स्थानीय कला और शिल्प को आधुनिक बाजार से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और विकसित भारत @2047 के संकल्प में उद्योग, एमएसएमई और निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्यप्रदेश मंडप इसी विकास दृष्टि और प्रदेश के सांस्कृतिक गौरव का प्रतिनिधित्व करता है। इस अवसर पर अपर सचिव कुमार पुरुषोत्तम, एमएसएमई सचिव जॉन किंग्सले और मुख्य कार्यपालन अधिकारी गीतांजलि जे उपस्थित थीं। इस अवसर पर अपर सचिव कुमार पुरुषोत्तम, एमएसएमई सचिव जॉन किंग्सले और मुख्य कार्यपालन अधिकारी गीतांजलि जे उपस्थित थीं। अतिथियों ने मंडप का भ्रमण कर प्रदेश की औद्योगिक उपलब्धियों का अवलोकन किया। उन्होंने निवेश संभावनाओं, स्थानीय उत्पादों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देखा।

आदिवासी-दलित छात्रावास की बदहाली पर भड़के सिंघार

भोपाल। आदिवासी और दलित विद्यार्थियों के लिए बने छात्रावासों में बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। राजधानी के डॉ. अंबेडकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महाविद्यालयीन छात्रावास की जर्जर हालत और व्यवस्थाओं की कमी को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सवाल उठाए हैं। गुरुवार को छात्रावास पहुंचे सिंघार ने विद्यार्थियों से बातचीत की और परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन की खराब स्थिति और नहाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने पर सरकार से व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की। छात्रावास में सिंघार ने अपने प्रयासों और निधि से स्थापित कम्प्यूटर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि पिछले दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और डिजिटल शिक्षा के लिए लाइब्रेरी की मांग की थी।

खुशीलाल आयुर्वेद संस्थान का हर्बल गार्डन आमजन व छात्रों के लिए खुलेगा

भोपाल। राजधानी के आयुष चिकित्सा संस्थानों की सेवाओं को बेहतर बनाने और अस्पतालों के आधुनिकीकरण के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। पं. खुशीलाल आयुर्वेदिक संस्थान का हर्बल गार्डन अब आम नागरिकों और स्कूली बच्चों के लिए खोला जाएगा, जबकि शासकीय होम्योपैथिक कॉलेज के अस्पताल में मरीजों को भर्ती करने के लिए उचित दर पर प्राइवेट रूम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा पंचकर्म सेंटर के आधुनिकीकरण तथा ऑपरेशन थिएटर, जांच प्रयोगशालाओं और चिकित्सा उपकरणों के उन्नयन से जुड़े प्रस्तावों को भी स्वीकृति मिली है।

हर विधानसभा से पांच महिला चेहरों की टीम बनाएगी कांग्रेस

15 दिसंबर तक पूरा होगा पैनल और एक साल तक चलेगा आकलन

मृदुभाषी। भोपाल



संसद में महिला आरक्षण को लेकर भले ही राजनीतिक सहमति न बन पाई हो, लेकिन मध्यप्रदेश कांग्रेस ने इसे अपनी भावी चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बनाते हुए विधानसभा स्तर पर महिला नेतृत्व तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों से पांच-पांच महिलाओं के नाम मांगे गए हैं, जिससे पार्टी कुल मिलाकर करीब 1,150 महिला चेहरों की मजबूत टीम खड़ी करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के निर्देश पर मध्यप्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला अध्यक्षों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से पांच महिलाओं का पैनल तैयार कर भेजने को कहा है। पार्टी स्तर पर नाम संकलन की प्रक्रिया तेज हो गई है और अब तक लगभग 20 विधानसभा क्षेत्रों से महिलाओं के नाम प्रदेश कांग्रेस तक पहुंच चुके हैं, जबकि शेष सीटों से नाम जुटाने का काम जारी है। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, 15 दिसंबर तक सभी 230 विधानसभा सीटों से नामों का पैनल तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल का दायरा केवल महिला संगठनों या मौजूदा पदाधिकारियों तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उन नए और सक्रिय चेहरों को भी अवसर दिया जा रहा है जो लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में काम कर रही हैं और क्षेत्रीय मुद्दों व जनसमस्याओं को लेकर मुखर होकर आवाज उठा सकती हैं। चयन के दौरान महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक अनुभव को विशेष महत्व दिया जा रहा है। पैनल में उन महिलाओं के नाम भी शामिल किए जा रहे हैं जो पहले पंचायत या नगरीय निकाय चुनाव लड़ चुकी हैं, साथ ही महिला कांग्रेस और पार्टी के अन्य मोर्चों से भी नाम लिए जा रहे हैं। कांग्रेस की इस रणनीति का उद्देश्य केवल संगठन में पद बांटना नहीं है, बल्कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है, जिसके लिए स्थानीय पहचान, जनता के बीच सक्रियता और प्रभावी ढंग से अपनी बात रखने की क्षमता को अहम कसौटी माना जा रहा है। पैनल तैयार होने के बाद चयनित महिलाओं को चुनावी दृष्टि से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें संगठनात्मक कामकाज, राजनीतिक मुद्दों की समझ और जनसंपर्क के तरीकों पर फोकस रहेगा। हालांकि, पांच नामों की सूची में शामिल होना आगामी विधानसभा चुनाव के टिकट की पक्की गारंटी नहीं होगा। पार्टी करीब एक साल तक मैदान में इन महिलाओं की सक्रियता और जनता के बीच उनकी पकड़ का आकलन करेगी, और इस अवधि में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में से कुछ को विधानसभा चुनाव में टिकट देने पर विचार किया जा सकता है।

आशु इनामदार ने साझा किए जीवन के बेबाक अनुभव

'माइंड इफ आई रैम्बल?' पर भोपाल में साहित्यिक संवाद

मृदुभाषी। भोपाल



क्लब लिटरेटी की ओर से गुरुवार को अरेरा क्लब में लेखिका आशु इनामदार की पुस्तक 'माइंड इफ आई रैम्बल? – लाइफ थ्रू माय पिंक टिंटेड ग्लासेस' पर साहित्यिक परिचर्चा आयोजित हुई।

मॉडरेटर सुलभा दीक्षित से बातचीत में आशु इनामदार ने अपनी लेखन यात्रा, यात्रा अनुभवों और पुस्तक के विचारों को साझा किया। मर्चेंट नेवी में पति की सेवाओं के दौरान विभिन्न देशों की यात्राओं के अनुभवों पर आधारित यह पुस्तक रिश्तों, कर्म, आध्यात्मिकता और आधुनिक समाज से जुड़े विचारों का संकलन है। आशु इनामदार ने कहा कि उनका लेखन सहज और स्वतःस्फूर्त है तथा विचारों को उभरते ही शब्दों में ढालने में उनका विश्वास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेबाक लेखन पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर स्थापित धारणाओं को चुनौती दे सकता है, लेकिन किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना उनका उद्देश्य नहीं है। उनका लेखन पाठकों को पूर्वाग्रहों पर प्रश्न करने और चीजों को गहराई से देखने के लिए प्रेरित करता है। चर्चा के दौरान महिलाओं की पहचान और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर भी बात हुई। आशु इनामदार ने अपनी पीढ़ी की महिलाओं से आत्मसम्मान को महत्व देने और अपनी खुशियों को दूसरों से कमतर न आंकने की सोच से बाहर निकलने का आह्वान किया। उनके अनुसार यह पुस्तक संवेदनशीलता, दयालुता और मौलिक पहचान के साथ बेबाक अभिव्यक्ति का संदेश देती है, जिससे पाठकों को लेखिका के जीवन दर्शन से जुड़ने का अवसर मिला।

सम्पादकीय

आखिर अपने रणनीतिक सहयोगियों को क्या देंगे दिलासा?

दुनिया को अपने शब्द जाल में फंसाकर, साम-दाम-दंड-भेद की रणनीति अपनाकर 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का स्वप्न संजोए राष्ट्रपति ट्रंप अपने इरादों में कितना कामयाब होंगे, यह तो गुजश्ता वक्त ही बताएगा। लेकिन भारत की कूटनीतिक स्वायत्ता और ग्लोबल साउथ की अगुवाई वाली रणनीति से अमेरिका इतना परेशान हो गया कि अब उन्हीं देशों के साथ टेबल की मेज पर बैठा हुआ है, जिनके खिलाफ वह अनवरत षड्यंत्र रचते आया है।

ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर रूस और चीन की क्या अंतर्राष्ट्रीय मजबूरी है जो वे वैश्विक रूप से प्रभुत्वहीन हो चुके अमेरिका के साथ मेज साझा कर रहे हैं! कहीं ऐसा तो नहीं कि भारत की कूटनीतिक व रणनीतिक स्वायत्तता से ये दोनों भी भीतर ही भीतर विचलित हो रहे हैं। मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय दुनियादारी में भारत, अपने समकक्ष देशों यथा- फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका के अलावा यूरोपीय संघ, मध्यपूर्व के देशों और आशियान देशों के साथ जो समझदारी भरे रिश्ते विकसित कर रहा है, इससे भी अमेरिका, रूस और चीन का चिंतित होना स्वाभाविक है। ऐसे में अमेरिका, रूस और चीन के बीच उभरता त्रिकोणीय कूटनीतिक समीकरण केवल तीन महाशक्तियों के नेताओं की मुलाकात का विषय नहीं है, बल्कि इसके पीछे वैश्विक शक्ति संतुलन, रणनीतिक साझेदारियों, आर्थिक हितों और छोटे-बड़े देशों के भरोसे की बड़ी लड़ाई भी दिखाई देती है। ये देश नहीं चाहते कि इनके समानांतर कोई नया देश खड़ा हो और वह उनकी आवाज बने जिनका शोषण करते रहना इनकी नीतिगत फितरत है।

यही वजह है कि इस पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या ट्रंप, रूस और चीन को आपसी मतभेदों, क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं और अपने-अपने सहयोगियों के हितों के बीच इस तरह उलझा सकते हैं कि दोनों देशों की विश्वसनीयता प्रभावित होने लगे? भले ही यह एक विचारणीय भू-राजनीतिक परिकल्पना है। हालांकि, इसे किसी प्रमाणित अमेरिकी डीप स्टेट योजना का नाम देना अभी उचित नहीं होगा, जबतक कि पूरा खेल स्पष्ट न हो जाए। वैसे भी ट्रंप कब क्या कहेंगे, कब पलटीमार देंगे, भरोसे के साथ कुछ नहीं कहा जा सकता। इन सबके पीछे उनका स्वार्थ कितना साधता है, सबकुछ इसी बात पर निर्भर करता है।

पहला सवाल यह है कि ट्रंप की रणनीति का संभावित केंद्रीय सूत्र क्या है? तो जवाब होगा कि ट्रंप की विदेश नीति में व्यक्तिगत कूटनीति, आर्थिक सौदेबाजी और शक्ति प्रदर्शन को काफी महत्व मिलता है। रूस और चीन के साथ बातचीत के संभावित उद्देश्यों को निम्नलिखित तीन स्तरों पर समझा जा सकता है:- एक, रूस को साधनाः यूक्रेन युद्ध में समझौते के लिए पुतिन पर कूटनीतिक प्रभाव बनाना और मॉस्को के साथ अमेरिका के संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करना, ताकि उसे लाभ होता रहे। दो, चीन को साधनाः व्यापार, तकनीक, दुर्लभ खनिजों और ताइवान जैसे मुद्दों पर बीजिंग से रियायतें हासिल करना, ताकि उनके उद्योगों के लिए रियायती कच्चा माल मिलता रहे। तीन, दोनों को एक मंच पर लानाः परमाणु हथियार नियंत्रण, ईरान और वैश्विक सुरक्षा के मुद्दों पर ऐसी बातचीत करना जिसमें अमेरिका अपनी भूमिका केंद्रीय बनाए रखना चाहे। हालांकि, इन सबमें एक महत्वपूर्ण विरोधाभास भी है। वह यह कि चीन और रूस की निकटता अमेरिका की उस पुरानी रणनीति को कमजोर करती है जिसमें दोनों महाशक्तियों के बीच मतभेदों का लाभ उठाकर वाशिंगटन अपनी स्थिति मजबूत करता था।

अब ड्रैगन की मनमानी पर लगेगी लगाम

नीरज कुमार दुबे

टोक्यो में भारत और जापान के बीच हुई 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती सामरिक तस्वीर में एक नया संदेश दे दिया है। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग, अत्याधुनिक सैन्य तकनीक, नौसैनिक सुरक्षा और रक्षा उत्पादन को नई ऊंचाई पर ले जाने का जो संकल्प दिखाया है, वह चीन की बढ़ती सैन्य महत्वाकांक्षाओं के बीच बेहद अहम माना जा रहा है। दुनिया देख रही है कि भारत और जापान अब केवल आर्थिक साझेदार नहीं, बल्कि एशिया में शक्ति संतुलन को प्रभावित करने वाली मजबूत रणनीतिक ताकत के रूप में उभर रहे हैं। इस बैठक से साफ हो गया है कि भारत अपनी कूटनीतिक सूझबूझ और सामरिक क्षमता के दम पर हिंद-प्रशांत में अपनी भूमिका का विस्तार कर रहा है और जापान के साथ मिलकर चीन के लिए नई रणनीतिक चुनौतियां खड़ी करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

टोक्यो में आयोजित इस बैठक में दोनों देशों ने रक्षा सहयोग को ठोस परिणामों में बदलने पर जोर दिया। खासतौर पर जापान की अत्याधुनिक तकनीक और भारत की औद्योगिक उत्पादन क्षमता को एक साथ जोड़ने की रणनीति महत्वपूर्ण है। दोनों देशों ने 'Design with Japan, Make in India' के तहत रक्षा विनिर्माण सहयोग को गति देने पर सहमति जताई है। इसका अर्थ है कि भारत केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं रहेगा, बल्कि अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों के विकास और उत्पादन में भी बड़ी भूमिका निभाएगा। इस वार्ता का एक बड़ा परिणाम UNICORN परियोजना से जुड़े रक्षा समझौतों को जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता है। यह जहाजों पर इस्तेमाल होने वाली एकीकृत संचार एंटीना प्रणाली है। इसके अलावा दोनों देश नौसैनिक जहाजों के डिजाइन और निर्माण, समुद्र के भीतर निगरानी,



मिसाइल तकनीक और पानी के नीचे इस्तेमाल होने वाली रक्षा प्रणालियों में सहयोग बढ़ाएंगे। भारत और जापान ने एक-दूसरे के नौसैनिक जहाजों की मरम्मत और रखरखाव की सुविधाओं का इस्तेमाल करने की दिशा में भी तेजी लाने का फैसला किया है।

देखा जाये तो समुद्री सुरक्षा के मोर्चे पर यह साझेदारी चीन के लिए विशेष महत्व रखती है। हिंद महासागर से लेकर दक्षिण चीन सागर तक समुद्री व्यापारिक मार्गों पर चीन की बढ़ती सक्रियता लंबे समय से क्षेत्रीय देशों की चिंता का विषय रही है। भारत हिंद महासागर में एक प्रमुख सामरिक शक्ति है, जबकि जापान पूर्वी एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री क्षमता रखता है। दोनों देशों के बीच समुद्री सूचनाओं का आदान-प्रदान, Maritime Domain Awareness, संयुक्त नौसैनिक अभ्यास और माइन काउंटरमेजर्स क्षमता बढ़ाने का फैसला एक-दूसरे की सामरिक ताकत को जोड़ने जैसा है। इससे चीन के लिए समुद्री क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को बिना निगरानी के आगे बढ़ाना पहले से अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

साथ ही जापानी मीडिया की रिपोर्टिंग में भी इस घटनाक्रम का चीन से जुड़ा रणनीतिक पहलू साफ दिखाई देता है। जापानी समाचार एजेंसी जिजी प्रेस की रिपोर्ट में 2+2 वार्ता के एजेंडे में चीन और उत्तर कोरिया की गतिविधियों पर विचार-विमर्श को प्रमुखता दी गई है। वहीं जापान के विदेश मंत्रालय ने मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत तथा आर्थिक सुरक्षा को दोनों देशों के सहयोग के महत्वपूर्ण आधार के रूप में रेखांकित किया है। जापानी मीडिया के इस रुख से स्पष्ट है कि टोक्यो भारत को केवल एक बड़े बाजार या आर्थिक साझेदार के रूप में नहीं, बल्कि एशिया के सामरिक शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देश के रूप में देख रहा है।

साथ ही पश्चिमी मीडिया का विश्लेषण भी इस साझेदारी की अहमियत समझने के लिए महत्वपूर्ण है। पश्चिमी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में जापान और चीन के बीच बढ़ते तनाव, ताइवान के मुद्दे पर टकराव और चीन द्वारा जापान के खिलाफ महत्वपूर्ण खनिजों तथा दोहरे इस्तेमाल वाली तकनीक के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लेख किया है। ऐसे माहौल में भारत के साथ जापान का रक्षा और तकनीकी सहयोग उसकी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने वार्ता के बाद स्पष्ट किया है कि भारत-जापान सहयोग का व्यापक उद्देश्य बहुध्रुवीय एशिया और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि पुरानी रणनीतिक धारणाएं अब बदल रही हैं।

धर्म-ज्योतिष

राहु-केतु दोष से मुक्ति दिलाता स्वर्णमुखी नदी तट पर बसा ऐतिहासिक मंदिर

भारत में वैसे तो भगवान शिव के कई मंदिर हैं। हमारे देश में 12 ज्योतिर्लिंग भी अपने आप में शिवभक्ति से पूर्ण हैं। इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। वहीं कुछ धार्मिक स्थान ऐसे भी हैं, जहां की कथा बेहद अद्भुत और अनोखी है और यह आज भी शिव भक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं। हम एक ऐसे मंदिर की बात कर रहे हैं, जो शिव भक्त की अटूट भक्ति और आस्था को दिखाता है और इसका श्रद्धालुओं के बीच बेहद अनोखा और खास स्थान है। इस मंदिर का नाम श्रीकालहस्ती मंदिर है, जोकि दक्षिण भारत में है। यह दक्षिण भारत के सबसे शक्तिशाली और पुराने शिव मंदिरों में से एक है। जोकि आंध्र प्रदेश के तिरुपति के पास स्वर्णमुखी नदी के किनारे है। इस मंदिर को दक्षिण कैलाश के नाम से भी जाना जाता है। इस शिव मंदिर की कहानी एक शिवभक्त की अटूट भक्ति को दिखाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर के रहस्य और इससे जुड़ी रोचक कथाओं के बारे में बताने जा रहे हैं।



समसामयिक

छोटे-बड़े शो के बीच भारतीय दर्शकों की बदलती पसंद

शेल्डन कूपर, लियोनार्ड हॉफस्टैडर, राजेश कूथरापल्ली और हॉवर्ड वोलोविट्ज कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी (कैलटेक) में काम करते हैं। सामाजिक रूप से थोड़े अजीब रंग-ढंग वाले इन वैज्ञानिकों का जीवन उनके रिश्तों और काम से जुड़ी उलझनों का सफर एक मजेदार, समझदारी भरा और बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम ('द बिग बैंग थ्योरी') साबित हुआ है।

'द बिग बैंग थ्योरी' (सीबीएस) की शुरुआत वर्ष 2007 में हुई थी और 12 सीजन का सफर तय करने के बाद वर्ष 2019 में यह खत्म हुआ। यह दुनिया भर में धूम मचाने वाला शो रहा है और कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस लेखिका ने नेटफ्लिक्स पर दर्जनों बार यह शो देखा है। यही बात इसके स्पिन ऑफ प्रीक्वल (मूल कहानी के समय से पहले की घटना दिखाने वाला कार्यक्रम) 'यंग शेल्डन' (वर्ष 2017-2024, सात सीजन) के बारे में भी कही जा सकती है। लिहाजा इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि एल्गोरिद्म ने मुझे इसके नए



स्पिन ऑफ 'जॉर्जी ऐंड मैंडीज फर्स्ट मैरिज' की रील दिखानी शुरू कर दी और आखिरकार मुझे यह जियोहॉटस्टार पर मिल गया। भले ही शो के नाम अलग-अलग हों मगर हम सभी का अनुभव एक जैसा ही होता है यानी आप कोई रील देखते हैं और अंत में आप ओटीटी पर कोई शो या फिल्म देखने लग जाते हैं।

दस वर्ष पहले वर्ष 2016 में आप शायद टीवी पर 'नागिन', 'द कपिल शर्मा शो' या 'बिग बॉस' देखते होंगे। उस समय नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम वीडियो ने भारत में कदम ही रखा था। यूट्यूब तब आठ वर्षों से मौजूद था मगर इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से कुछ खोजने, संगीत सुनने या किसी चीज की जानकारी पाने के लिए किया जाता था। स्ट्रीमिंग ने हमारे देखने की पसंद और तरीके को पूरी तरह बदल दिया है मगर एक दशक पहले यह आज जितना प्रभावशाली नहीं था। हाल ही में आई तीन बेहतरीन रिपोर्ट इस बदलाव के अलग-अलग पहलुओं को सामने लाती हैं। पहली रिपोर्ट आईएमडीबी की 'भारत में स्ट्रीमिंग के दस वर्ष' है जो दुनिया भर में हरेक महीने इसकी वेबसाइट देखने वाले लगभग 25 करोड़ लोगों पर आधारित हैं। इस रिपोर्ट में शीर्ष 10 शो (मिर्जापुर, क्रिमिनल जस्टिस, द फैमिली मैन, द बॉलीवूड वाइब्स, सेक्रेड गेम्स आदि), सबसे बड़े क्रिएटर यानी कार्यक्रम तैयार करने वाले प्लेटफॉर्म (टीवीएफ, अप्लॉज, डी2आर फिल्म्स), अभिनेता (पंकज त्रिपाठी, मनोज बाजपेयी) और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म (नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार, प्राइम वीडियो, यूट्यूब आदि) का जिक्र है।

व्यापार

विदेशी निवेशकों की दमदार वापसी से निफ्टी में तेजी, बिकवाली को विशेषज्ञों ने बताया सामान्य

मृदुभाषी। नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में नवंबर के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 94,000 करोड़ रुपये से अधिक की खरीदारी की है, जबकि 9 से 18 नवंबर के बीच सात कारोबारी सत्रों में ही करीब 48,266 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे गए।

इस खरीद के बीच बाजार में रिकवरी दिखी और पिछले एक महीने में निफ्टी 50 करीब 11 फीसदी चढ़ गया। इसके उलट घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) नवंबर में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने अब तक लगभग 55,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जिनमें पिछले सात कारोबारी सत्रों की 30,671 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली शामिल है। अक्टूबर तक तस्वीर विपरीत थी, जब विदेशी निवेशक बिकवाली और घरेलू संस्थाएं खरीदारी कर रही थीं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार निवेशकों के रुख में यह बदलाव कई कारकों और रणनीतियों से जुड़ा है। स्वतंत्र मार्केट एनालिस्ट दीपक जसानी ने कहा कि एफआईआई की वापसी के पीछे अमेरिका के मिडटर्म चुनावों के बाद



बदला वैश्विक माहौल, एआई शेयरों के ऊंचे वैल्यूएशन को लेकर चिंता, कच्चे तेल के दामों में नरमी, रुपये की मजबूती और सितंबर तिमाही के बेहतर कॉरपोरेट नतीजे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारत में एआई चिप व बड़े एआई मॉडल कंपनियों का दबदबा न होने से यह बाजार विकल्प के रूप में दिख रहा है, जबकि डीआईआई हालिया तेजी में 10 से 15 फीसदी रिटर्न मिलने पर मुनाफावसूली कर रहे हैं और यह लंबी अवधि के भरोसे में कमी का संकेत नहीं है।र स्टॉक्स कार्ट के डायरेक्टर व सीईओ प्रणय अग्रवाल के मुताबिक एफआईआई वैश्विक ब्याज दरों, करेंसी और वैल्यूएशन को प्राथमिकता देते हैं, जबकि डीआईआई घरेलू उपलब्ध फंड, भविष्य की कमाई और पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वहीं रुपीजी के सीईओ शौर्यम गुप्ता ने कहा कि कुछ शेयरों में उछाल के बाद मुनाफावसूली स्वाभाविक है, लेकिन बाजार की निरंतर तेजी के लिए कंपनियों की कमाई, खपत में सुधार और स्थिर आर्थिक स्थिति अहम रहेगी। विशेषज्ञों के अनुसार रोजाना के आंकड़ों के बजाय कंपनियों के नतीजों और वैल्यूएशन पर ध्यान देना अधिक उपयुक्त है।

पीएनबी ने पार्लियामेंट स्ट्रीट पर खोली युवा केंद्रित नेक्स्ट जेन डिजिटल बैंकिंग शाखा

मृदुभाषी। नई दिल्ली

पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने नई दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट पर अपनी नेक्स्ट जेन बैंकिंग शाखा का उद्घाटन किया है। इसे युवा ग्राहकों, वरिष्ठ नागरिकों, एचएनआई और एनआरआई के लिए 24x7 डिजिटल हब के रूप में तैयार किया गया है, जहां मल्टीफंक्शनल कियोस्क (एमएफके), वीडियो केवाईसी सहित इंटरनेट कियोस्क, बल्क नोट एक्सेप्टर, स्मॉल वैल्यू डिस्पेंसिंग मशीन, कतार प्रबंधन प्रणाली और एनआरआई लाउंज जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की संयुक्त सचिव शालिनी पंडित ने पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र, डीएफएस के संयुक्त सचिव दिवेश सेहरा, पीएनबी के कार्यकारी निदेशक



डी. सुरेंद्रन, सीवीओ राघवेंद्र कुमार और दिल्ली अंचल प्रबंधक राजेश भौमिक की उपस्थिति में किया। उद्घाटन अवसर पर शालिनी पंडित ने ग्राहक सुविधा और वित्तीय समावेशन के लिए बैंकों में डिजिटल परिवर्तन तेज करने तथा तकनीक के माध्यम से बेहतर ग्राहक सेवा देने पर जोर दिया। पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहा कि बैंक कोर बैंकिंग की मजबूती को डिजिटल उत्कृष्टता से जोड़कर उन्नत सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं डीएफएस के संयुक्त सचिव दिवेश सेहरा ने विभिन्न स्थानों पर ऐसी और नेक्स्ट जेन शाखाएं स्थापित करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम के अंत में कार्यकारी निदेशक डी. सुरेंद्रन ने आभार व्यक्त किया। यह शाखा डिजिटल रूप से सशक्त वित्तीय तंत्र के विजन के अनुरूप सहज और सुगम बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की दिशा में पीएनबी की पहल को दर्शाती है।

ऑटो शेयरों में तेज उछाल, फेस्टिव सीजन के बाद टू-व्हीलर्स पर एनालिस्ट्स का भरोसा बढ़ा

मृदुभाषी। नई दिल्ली

विदेशी निवेशकों की वापसी से बाजार में बने सकारात्मक माहौल के बीच गुरुवार को ऑटो शेयरों में तेजी दर्ज की गई। मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टीवीएस मोटर के शेयरों में 3 से 5 फीसदी तक उछाल आया, जबकि एनएसई पर निफ्टी ऑटो इंडेक्स 3 फीसदी से अधिक चढ़ा। हालांकि, फेस्टिव सीजन के बाद विश्लेषक चार पहिया वाहनों के मुकाबले दोपहिया वाहन कंपनियों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं।

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर तिमाही में ऑटो कंपनियों की बिक्री तो बढ़ी, लेकिन कच्चे माल की



बढ़ती लागत के चलते मुनाफे में एकरूपता नहीं रही। इस अवधि में जेफरीज के दायरे में आने वाली दोपहिया वाहन कंपनियों की कुल वॉल्यूम सालाना आधार पर 19 फीसदी और ईबीआईटी 29 फीसदी बढ़ी। इसके विपरीत पैसेंजर व्हीकल कंपनियों की वॉल्यूम 26 फीसदी बढ़ने के बावजूद उनका ऑपरेटिंग प्रॉफिट 11 फीसदी घट गया। रिपोर्ट में टीवीएस मोटर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आयशर मोटर्स को पसंदीदा शेयरों में शामिल करते हुए इन पर खरीदारी की रेटिंग दी गई है। टीवीएस मोटर के लिए वित्त वर्ष 2026-27 के ईपीएस अनुमान में करीब 8 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है, जबकि एमएंडएम में मजबूत कारोबार व बाजार हिस्सेदारी और आयशर मोटर्स में टू-व्हीलर सेगमेंट की मजबूती को आधार माना गया है। मारुति सुजुकी के ईपीएस अनुमान में इस साल अब तक करीब 30 फीसदी की कटौती के बावजूद जेफरीज ने खरीदारी की रेटिंग बनाए रखी है, जबकि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के ईपीएस अनुमान में करीब 62 फीसदी कटौती के बीच इसे अंडरपरफॉर्म रेटिंग दी गई है।

फिलीपींस की लाइसेंसिंग परीक्षा में बैठने का रास्ता साफ

भारतीय मेडिकल ग्रेजुएट्स को बड़ी राहत

मृदुभाषी। नई दिल्ली

फिलीपींस के मान्यता प्राप्त मेडिकल संस्थानों से पढ़ाई करने वाले भारतीय मेडिकल ग्रेजुएट अब वहां की फिजिशियन लाइसेंसिंग परीक्षा (पीएलई) दे सकेंगे और डॉक्टरी की प्रैक्टिस के लिए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकेंगे।

फिलीपींस में भारत के राजदूत हर्ष कुमार जैन ने इस निर्णय की पुष्टि करते हुए बताया कि फिलीपींस के प्रोफेशनल रेगुलेशन कमीशन ने पिछले सप्ताह इसकी जानकारी दी। इस फैसले से भारत और फिलीपींस के बीच मेडिकल लाइसेंस की आपसी मान्यता की व्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, साथ ही राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग



(एनएमसी) की एक प्रमुख शर्त भी पूरी हो गई है जो भारतीय छात्रों को फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा के योग्य बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिलीपींस यात्रा से पहले एएनआई से बातचीत में राजदूत हर्ष कुमार जैन ने इस कदम को दोनों देशों के पेशेवर संबंधों और जनसंपर्क को मजबूत करने वाला बताया। वहीं ट्रांसवर्ल्ड एजुकेयर के डायरेक्टर व किंग्स इंटरनेशनल मेडिकल एकेडमी के चेयरमैन कैडविन पिल्लई ने कहा कि इससे पीएलई को लेकर स्थिति स्पष्ट हुई है और छात्र व अभिभावक करियर के नियमों को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे, हालांकि भारत लौटने पर एनएमसी के नियमों की जानकारी रखना भी जरूरी है। यह निर्णय दोनों देशों के अधिकारियों के बीच लंबे समय से जारी संवाद के बाद आया है। मनीला स्थित भारतीय दूतावास ने पहले फिलीपींस सरकार से आपसी मान्यता के नियम बनाने का अनुरोध किया था। इसके बाद 8 मई 2025 को फिलीपींस के उच्च शिक्षा आयोग ने पत्र के जरिए पुष्टि की कि वहां का डॉक्टर ऑफ मेडिसिन कोर्स एनएमसी की निर्धारित शर्तों के अनुरूप हो सकता है। 17 जून 2026 को भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी कर नियमों की स्थिति स्पष्ट की, जिसमें 11 मार्च 2026 को फिलीपींस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के प्रस्ताव संख्या 73 का उल्लेख भी था। आपसी मान्यता की शर्त के तहत दूतावास ने 8 अक्टूबर 2026 को फिलीपींस के विदेश मामलों के विभाग से भी संपर्क किया था। राजदूत जैन के अनुसार, फिलीपींस में अभी लगभग 7,000 भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जिनमें मेडिकल के छात्र बड़ी संख्या में हैं, जबकि वहां करीब 40,000 का भारतीय समुदाय भी निवास करता है। हालांकि, फिलीपींस में पीएलई और रजिस्ट्रेशन से अपने आप भारत में प्रैक्टिस का लाइसेंस नहीं मिलेगा और भारत लौटने वाले ग्रेजुएट्स को एनएमसी की तय परीक्षा, योग्यता व इंटर्नशिप शर्तें पूरी करनी होंगी।

इंदौर से कट्ठीवाड़ा तक बेधड़क सवारिया धो रही थी।न परमिट था, न मेडिकल सुविधा और न ही सीसीटीवी कैमरे

नियमों को पहिए तले रौंदकर दौड़ रही थी बस, आरटीओ ने की जब्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। यात्रियों की जान की कीमत पर परिवहन नियमों को किस तरह ताक पर रखकर यात्री बसों का संचालन किया जा रहा है, इसकी एक गंभीर तस्वीर इंदौर से कट्ठीवाड़ा के बीच संचालित हो रही बस के मामले में सामने आई है। सड़क पर फरार्टे भर रही इस बस में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा भगवान भरोसे थी। आरटीओ ह्रदेश यादव द्वारा करवाई की जिसमें बस संचालक ने परिवहन नियमों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए बिना परमिट ही बस का संचालन जारी रखा था। न यात्रियों को लेकर चलने वाले वाहन के पास वैध परमिट था, ना कोई सुविधाएं के लिए विकल्प थे। करवाई के बाद बस में बैठी सवारियों ने शिकायत भी शिकायत की और बताया कि 209 किलो मीटर के 450 रु लिए और सीट व टिकिट भी नहीं दी गई। मौके पर डाईवर ओर कंडक्टर द्वारा कार्रवाई में सहयोग नहीं किया ओर बार बार बस मालिक से बात करने की जिद करता रहा। आरटीओ द्वारा बस डाइवर का लाइसेंस निरस्त करनी की बात कही गई।

लगातार आरटीओ को शिकायत मिल रही थी जिसके बाद कार्रवाई करते हुए बस को जप्त कर थाने पहुंचाया गया । बस नंबर एमपी 13 पी 4618 गाड़ी जांच के दौरान नियमों की अन देखी की गई। बस का परमिट जो दिखा रहे थे वह 2023 तक संचालित



था आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जरूरी मेडिकल संसाधन उपलब्ध नहीं थे। यहां तक कि बस में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे थे। यानी जिस बस में रोजाना यात्री अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए सफर कर रहे थे, उसी बस में उनकी सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम तक नदारद थे।

कार्रवाई के दौरान बस में सवार यात्रियों को बीच रास्ते परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए उन्हें दूसरी बस की व्यवस्था की गई। इस दौरान पीथमपुर से कट्ठीवाड़ा जा रहा 13 वर्ष के बालक को पीथमपुर उसके मौसा के यहां पहुंचाया गया।

शिकायत नहीं आती तो कितने दिन और दौड़ती रहती बस?

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि बिना परमिट संचालित बस इंदौर से कट्ठीवाड़ा तक चलने वाले मार्ग पर बस जरूरी है कि बिना परमिट बस कितने समय से संचालित हो रही थी और इसकी निगरानी में कहां चूक हुई। परिवहन विभाग को जिले और आसपास के मार्गों पर संचालित यात्री बसों की भी जांच करनी चाहिए। क्योंकि सड़क पर चलने वाली बस केवल एक व्यावसायिक वाहन नहीं, बल्कि उसमें सफर करने वाले दर्जनों यात्रियों की जिंदगी की जिम्मेदारी भी होती है। शिकायत के बाद हुई यह कार्रवाई अब इस सवाल को और बड़ा कर गई है कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभाग खुद कब का नियमित संचालन हो रहा था। ऐसे में इंदौर ओर झाबुआ के परिवहन विभाग की जांच और निगरानी व्यवस्था की भूमिका पर सवाल उठना स्वाभाविक है। नियमों को ताक पर रखकर यात्रियों की जिंदगी से खिलवाड़ नहीं किया जा रहा था। जब्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस थाना नौगांव, जिला धार में खड़ा करवाया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जारी रहेगी कार्रवाई

कार्रवाई के साथ-साथ जवाबदेही भी है जरूरी

आरटीओ की ओर से बस जब्त कर यात्रियों को दूसरी बस से रवाना करना तत्काल राहत की कार्रवाई जरूर है, लेकिन इस मामले में केवल वाहन जब्त करने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती। बस संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के साथ यह भी जांच सक्रिय होगा?

अभियान में 10 से 12 यात्री बसों की की गई जांच

परिवहन नियमों का उल्लंघन कर सड़कों पर संचालित होने वाले यात्री वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ धार एवं उनकी टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान इंदौर अहमदाबाद रोड एवं मांडव रोड पर यात्री बसों की सघन जांच की गई। अभियान के तहत टीम ने करीब 10 से 12 यात्री बसों की जांच की। इसमें दो वाहनों में परमिट एवं अन्य परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान एक यात्री वाहन के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 7 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

रतलाम-इंदौर फोरलेन बायपास पर व्यापारी से 8.15 लाख की लूट

कार का कांच फोड़कर किया हमला, ड्राइवर भी घायल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



रतलाम। रतलाम-इंदौर फोरलेन बायपास पर बुधवार रात दो बदमाशों ने इंदौर के एक कन्फेक्शनरी व्यापारी से 8 लाख 15 हजार 510 रुपए लूट लिए। व्यापारी टॉयलेट करने के लिए महिंद्रा शोरूम के सामने रुके थे, तभी बाइक सवार बदमाश उनकी कार में रखा रुपयों से भरा बैग निकालकर भागने लगे। व्यापारी और ड्राइवर ने पीछा कर बदमाशों को पकड़ लिया और बैग वापस छीनकर कार में रख लिया। इसके बाद बदमाशों ने पत्थर से कार का कांच फोड़ा, दोनों से मारपीट की और बैग लूटकर फरार हो गए। घटना में व्यापारी और उनका ड्राइवर घायल हुए हैं। फरियादी की शिकायत पर स्टेशन रोड पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी हर्षित सिंधी पिता नरेंद्रचंदाना सिंधी निवासी बैराटी कॉलोनी, गुरुद्वारे के पास इंदौर गोली, बिस्किट और चॉकलेट के डिस्ट्रीब्यूटर हैं और उनका रतलाम, नीमच, मंदसौर, जावरा, कुक्षी, मनावर तथा अलीराजपुर में कारोबार है। हर्षित ने बताया कि वे 17 नवंबर को ड्राइवर गजेंद्र भिड़े के साथ दोस्त की कार से इंदौर से रतलाम के लिए निकले थे। यहां दुकानदारों से कैश कलेक्शन करने के बाद वे नीमच पहुंचे और वहां से वसूली कर रात में मंदसौर गए। रास्ते में मक्खन के ढाबे पर खाना खाने के बाद वे मंदसौर के बसेर होटल में ठहरे। 18 नवंबर की सुबह करीब 11 बजे मंदसौर में कलेक्शन करने के बाद वे इंदौर लौट रहे थे। रात में जावरा में व्यापारी दोस्तों के साथ होटल में भोजन करने के उपरांत वे रतलाम होते हुए इंदौर जा रहे थे।

महिंद्रा शोरूम के सामने टॉयलेट के लिए रुके थे

व्यापारी के मुताबिक, रात करीब 11.15 बजे वे रतलाम फोरलेन बायपास पर महिंद्रा शोरूम के सामने टॉयलेट करने के लिए रुके थे और वे व ड्राइवर कार से बाहर खड़े थे। इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाशों ने कार से रुपयों व दस्तावेजों से भरा बैग निकालकर भागने की कोशिश की। हर्षित ने पीछा कर बदमाशों को दबोच लिया, जिसके बाद छीना-झपटी हुई। ड्राइवर भी मदद के लिए पहुंचा और व्यापारी ने बैग छीनकर कार में रख लिया तथा बदमाशों की बाइक को धक्का देकर गिरा दिया। कुछ देर बाद बदमाश लौटे और पत्थर से कार का कांच फोड़कर मारपीट करते हुए बैग लेकर भाग गए। छीना-झपटी में हर्षित के सिर, हाथ व पैरों तथा ड्राइवर गजेंद्र के सिर व बाएं पैर में चोटें आईं। वारदात के बाद पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गईं। एएसपी राकेश पंद्रों ने बताया कि पुलिस व्यापारी को साथ लेकर नीमच से रतलाम तक उनके आने-जाने व रुकने वाले स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फुटेज में रात के अंधेरे में सड़क पर कुछ संदिग्ध बाइक सवार नजर आए हैं।

पाटीदार दंपत्ति को दूसरी बार मिला राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

महू। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और नवाचार के लिए महू के ग्राम कोदरिया स्थित श्री एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश पाटीदार एवं प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार को दूसरी बार डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। इंदौर के एक निजी होटल में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व वर्ष 2025 में पाटीदार दंपति हैदराबाद में भी यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। अब तक वे लगभग 12 राष्ट्रीय एवं 2 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों सहित अनेक राज्य एवं जिला स्तरीय सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं।

श्री एकेडमी में वर्षों से किए जा रहे उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों, बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम, खेलों में राष्ट्रीय उपलब्धियों, शिक्षा में नवीन तकनीकों के समावेश, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा नवाचारपूर्ण प्रयासों को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में डॉ. राजेश पाटीदार को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन डायरेक्टर अवार्ड 2026 तथा डॉ. हेमलता पाटीदार को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन प्रिंसिपल अवार्ड 2026 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

शिक्षा एवं विद्यार्थियों से जुड़े विषयों पर विचार गोष्ठी

यह सम्मान एसआरएम स्कूल ऑफ लॉ, तमिलनाडु के डॉ. इन्द्रनाथ गुप्ता, उपदेश मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंदर सिंह एवं उनकी राष्ट्रीय टीम द्वारा प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस चयन प्रक्रिया में देशभर के शिक्षकों एवं स्कूल संचालकों के साक्षात्कार तथा उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान के मूल्यांकन के आधार पर प्रतिभाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों, स्कूल समूहों एवं शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर शिक्षा एवं विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

बाल विवाह रोकने हो सामूहिक प्रयास: चौहान

न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के तहत आगर में वृहद विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

आगर-मालवा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह के तहत गुरूवार को मध्यस्थता कक्ष में वृहद विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डी.एस. चौहान एवं जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, वन स्टॉप सेंटर का भी सहयोग रहा।

शिविर में बाल विवाह, बाल



अधिकार एवं महिला संरक्षण पर विधिक जागरूकता पर जोर दिया गया। साथ ही विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सेवा योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

बाल अधिकारों के संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.एस. चौहान ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल अधिकारों के संरक्षण एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।

विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं नियमों की दी जानकारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, जिला न्यायाधीश सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बाल अधिकारों के संरक्षण संबंधी विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं नियमों के बारे में बताया। कार्यक्रम को बाल कल्याण समिति की स्वाति दुबे, श्रीमती कृष्णा कमारिया एवं संदीप चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर द्वितीय जिला न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती अश्विनी सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री हेमन्त मेहरा एवं बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएं एवं बच्चे आदि उपस्थित रहे।

कार्यशाला में बाल विवाह रोकने किया गया जागरुक



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मोहन बड़ोदिया। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने और लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिलेभर में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। देवउठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े के निर्देशन में स्कूलों में विशेष जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहन बड़ोदिया में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में परियोजना अधिकारी श्रीमती किरण परमार ने विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

24 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या, सीने, पेट और गले पर वार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

रतलाम। जिले के नामली थाना क्षेत्र की बांगरोद चौकी अंतर्गत बुधवार रात तीन से चार अज्ञात बदमाशों ने 24 वर्षीय एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की गुरुवार सुबह मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में इलाज के दौरान मौत हो गई। हमलावरों ने युवक के सीने, पेट और गले पर चाकू से कई वार किए थे। पुलिस ने



मामले में हत्या की धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।


पुलिस के अनुसार, घटना बुधवार रात करीब 9:30 बजे की है। बांगरोद निवासी तेजपाल पिता ईश्वरलाल पाटीदार रेलवे स्टेशन से आगे गैस एजेंसी के पास खेत की ओर जाने वाले रास्ते से गुजर रहा था। इसी दौरान तीन से चार अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बदमाशों ने तेजपाल के बाएं हाथ की तरफ सीने पर, सीने के नीचे, दाएं हाथ की तरफ पेट और गले पर गंभीर वार किए। युवक के शोर मचाने पर आसपास से गुजर रहे राहगीर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुके थे। मौत से पहले युवक ने पुलिस को दिए बयान में तीन से चार अज्ञात लोगों द्वारा हमला किए जाने की बात कही थी। एसपी अमित कुमार ने देर रात घटनास्थल और बांगरोद चौकी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

विकास भैंसोला में 835.50 करोड़ रुपए खर्च करेगी प्रदेश सरकार

842.88 एकड़ में बनेगा नया टेक्सटाइल पार्क

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। औद्योगिक विकास के नक्शे पर तेजी से उभर रहे बदनावर क्षेत्र को प्रदेश सरकार ने एक और बड़ी सौगात दी है। भैंसोला में पहले से विकसित हो रहे प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क के समीप अब 842.88 एकड़ भूमि पर नया वस्त्र एवं संबद्ध उद्योग पार्क विकसित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर प्रदेश सरकार आगामी तीन वर्षों में 835.50 करोड़ रुपए खर्च करेगी। बुधवार को मंदसौर जिले के गांधीसागर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के साथ ही बदनावर के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार की इस



योजना से बदनावर और धार जिले को औद्योगिक क्षेत्र में नई पहचान मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित पार्क में करीब 50 औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इनके माध्यम से लगभग 6150 करोड़ रुपए का निवेश आने का अनुमान है।

रियायती दरों पर मिलेंगी जमीन और सुविधाएं

नए टेक्सटाइल पार्क में उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने निवेशकों को विशेष रियायतें देने का प्रावधान किया है। इसके तहत उद्योगों को एक रुपए प्रति वर्गमीटर की टोकन दर पर भूमि आवंटित की जाएगी। वहीं बिजली और औद्योगिक पानी की दरें भी पीएम मित्र पार्क के समान रखी जाएंगी। प्रस्ताव के अनुसार उद्योगों को लगभग 4.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली और 25 रुपए प्रति किलोलीटर की दर से औद्योगिक पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी। इन रियायतों का उद्देश्य उद्योगों की स्थापना से लेकर उनके नियमित संचालन तक की लागत को कम करना है, ताकि बड़े निवेशक बदनावर में अपनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने के लिए आगे आएं।

कच्चे माल से तैयार कपड़े तक पूरी व्यवस्था

पार्क की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि यहां कपड़ा उद्योग की पूरी उत्पादन श्रृंखला को एक ही परिसर में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्पिनिंग, वीविंग, निटिंग, रंगाई, प्रिंटिंग, फिनिशिंग, गारमेंट, अपैरल, होम टेक्सटाइल और टेक्निकल टेक्सटाइल से जुड़ी इकाइयों को स्थापित करने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा यार्न और एमएमएफ (मैन मेड फाइबर) आधारित उद्योगों को भी स्थान दिया जाएगा। कपड़ा उद्योग में इस्तेमाल होने वाली आधुनिक: मशीनरी, पैकेजिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सहायक इकाइयों की स्थापना भी इसी क्षेत्र में की जा सकेगी। यानी कच्चे माल की उपलब्धता से लेकर कपड़े के निर्माण, रंगाई, डिजाइनिंग, तैयार उत्पाद और उसकी पैकेजिंग तक की पूरी प्रक्रिया एक ही औद्योगिक परिसर में संचालित हो सकेगी।

विकास में मील का पत्थर साबित होगी सौगात : दत्तीगांव

पूर्व उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना बदनावर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। क्षेत्र में लगातार औद्योगिक निवेश और नई परियोजनाओं की स्वीकृति से विकास की नई संभावनाएं बन रही हैं। आने वाले समय में बदनावर औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना है।

नपा के टेंडर में धांधली का आरोप ठेकेदार ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनूपपुर। नगर पालिका परिषद अनूपपुर में वार्ड क्रमांक 01 में पेवर ब्लॉक एवं सीसी रोड व विद्युतीकरण कार्य के टेंडर को लेकर विवाद सामने आया है।वार्ड नं. 05 निवासी ठेकेदार विनोद कुमार खेमका ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि उनकी निविदा को बिना कारण बताए नहीं खोला गया, जबकि फाइनेंशियल बिड में एकल फर्म की बिड खोल दी गई।

पत्र में ठेकेदार विनोद कुमार खेमका ने कहा है कि टेंडर नं. 533519 दिनांक 13/10/2026 को जारी किया गया था।उनके अनुसार प्रारंभ में विद्युतीकरण का उल्लेख 5/10/2026 की अंतिम तिथि तक नहीं किया गया था,बाद में समय बढ़ाकर कंडिका में विद्युत का रजिस्ट्रेशन मांगा गया। उनका कहना है कि 42 लाख के टेंडर में मात्र 5 प्रतिशत ही विद्युत का कार्य नियमानुसार होना है।

बिना सूचना दिए फाइनेंशियल बिड खोला

श्री खेमका का आरोप है कि जब बिड खोला गया तो उन्हें अपात्र कर दिया गया, जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी ठेकेदार को अपात्र करने से पहले सूचित कर सही कारण बताते हुए अपूर्ण दस्तावेज की मांग की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना सूचना दिए फाइनेंशियल बिड खोल दिया गया, जो नियम विरुद्ध है। पत्र में शासन के नियम पत्र क्रमांक या.प्र.07/2025/0269 दिनांक 02/09/2025 का हवाला देते हुए कहा गया है कि 2 करोड़ से अधिक के कार्य में प्री-क्वालिफिकेशन रखे जाने का प्रावधान है। खेमका के अनुसार फाइनेंशियल बिड दिनांक 5/11/2026 को उनकी अनुपस्थिति में बिना कोई कारण बताए सिंगल फार्म का खोल दिया गया।उन्होंने इसे व्यक्तिगत लाभ के लिए एकल ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है।

कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

ठेकेदार विनोद कुमार खेमका ने मांग की है कि उनके द्वारा डाली गई निविदा को खोला जाए,अन्यथा वे कानूनी कार्रवाई हेतु विवश होंगे। पत्र की प्रतिलिपि प्रमुख अभियंता नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग शहडोल, कलेक्टर एवं अध्यक्ष नगर पालिका अनूपपुर को भी भेजी गई है।



कमला नगर में आज मनेगा भगवान श्री श्याम जन्मोत्सव, सज रहा है फूल बंगला

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। शहर के सनावद रोड़ कमला नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर कल 20 नवंबर को हारे के सहारे भगवान श्री खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव उत्सवी माहौल में मनाया जाएगा। यहां धार्मिक आयोजनों, कीर्तन के साथ भगवान श्री श्याम का दिव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा। कीर्तन स्थल पर फूल बंगला के रुप में बाबा का श्रृंगार कोलकाता एवं दिल्ली के कुशल कारीगरों द्वारा किया जा रहा है, जो अपनी कलात्मकता के लिए प्रसिद्ध हैं।

मंदिर सेवक ऋतुराज सोनी, मनोज सोनी ने बताया इन कारीगरों की विशेषज्ञता से बाबा का स्वरूप और भी दिव्य तथा मनमोहक प्रतीत होगा, जो भक्तों की श्रद्धा को और बढ़ाएगा। आयोजक त्रिलोक सोनी ने बताया कि कीर्तन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न भजन मंडलियां अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। इस अध्यात्मिक आयोजन में क्षेत्र के अलावा आसपास के शहरों से भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होने की उम्मीद है। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि सभी को दर्शनलाभ मिल सके।

कीर्तन का मुख्य उद्देश्य बाबा श्याम के प्रति आस्था और भक्ति का प्रसार करना है। इस प्रकार के आयोजनों से समुदाय में एकता और सकारात्मकता का संचार होता है। श्याम लला खरगोन के संयोजक दीपराज सोनी ने सभी भक्तों से इस आयोजन में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं ताकि आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

नामांकन निरस्त होने की आशंका के चलते अपनाई सतर्कता

जिपं वार्ड-6 उपचुनाव: कांग्रेस के 3 प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक-6 के उपचुनाव को लेकर गुरुवार 19 नवंबर को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन कांग्रेस की ओर से दो और नामांकन दाखिल किए गए। इसके साथ ही कांग्रेस की ओर से कुल तीन नामांकन जमा किए जा चुके हैं। बुधवार 18 नवंबर को कृष्णा पिता नंदकिशोर बिरला ने नामांकन दाखिल किया था, जबकि गुरुवार को जितेंद्र पिता रमेशचंद पटेल एवं सुरेश पिता रामलाल रांडवा निवासी अहमदपुर खेगांव ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर ऋषव गुप्ता के समक्ष अपने नामांकन प्रस्तुत किए।

इस दौरान पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, जिला संगठन महासचिव धर्मेंद्र सिंह राठौर, संजय पाटीदार, चंदन सिंह राजपूत, अशोक सेन, नीतिराज सिंह गौड़, मनोज मंडलोई, मनोज वारंगा, अल्ताफ खां एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

राजनीतिक रणनीति के तहत भरे तीन नामांकन

मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व विधायक राजनारायण सिंह ने कहा कि राजनीति में हमेशा सतर्क रहने की जरूरत होती है। कांग्रेस के तीनों साथी जांबाज और मजबूत हैं। तीन नामांकन दाखिल करने के पीछे भी एक बड़ी राजनीतिक रणनीति है। उन्होंने कहा कि नामांकन में छोटी-सी कमी निकालकर उसे निरस्त कराने के प्रयास किए जा सकते हैं। भाजपा के नेता भी नामांकन निरस्त कराने के लिए प्रयास कर सकते हैं, लेकिन कांग्रेस ने पूरी तैयारी के साथ नामांकन दाखिल किए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस इस बार भी मैदान मारेगी, क्योंकि यह वार्ड परंपरागत रूप से कांग्रेस का क्षेत्र रहा है।



साजिश की आशंका के चलते तीनों ने भरे फॉर्म कृष्णा बिरला

ग्राम पंचायत धनगांव के सरपंच एवं नामांकन दाखिल करने वाले कृष्णा बिरला ने कहा कि वार्ड क्रमांक-6 के उपचुनाव में पार्टी ने उन्हें अधिकृत किया है। इसके साथ ही जितेंद्र पटेल और सुरेश रांडवा ने भी नामांकन दाखिल किए हैं। तीन नामांकन दाखिल करने का उद्देश्य यह है कि किसी संभावित साजिश के तहत किसी एक प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने की स्थिति में कांग्रेस का विकल्प सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि नामांकन जांच और चुनाव चिह्न आवंटन के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। चुनाव में जनता की समस्याओं और जनहितैषी योजनाओं को प्राथमिकता देना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। बिरला ने अपने ग्राम पंचायत में पिछले चार साल चार महीने के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पंचायत में मॉडल के रूप में काम किया है और इसी अनुभव के आधार पर वार्ड क्रमांक-6 की जनता के बीच जाएंगे। उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता का समर्थन मिलेगा।

भाजपा के हथकंडों को देखते हुए बरती सतर्कता: उत्तमपाल सिंह

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अब तक का राजनीतिक चरित्र देखते हुए कांग्रेस ने पूरी सतर्कता के साथ तीन नामांकन दाखिल कराए हैं। उन्होंने राज्यसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा द्वारा अपनाए जाने वाले हथकंडों को देखते हुए पार्टी ने यह रणनीति बनाई है। नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद कांग्रेस अपनी आगामी रणनीति स्पष्ट करेगी।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस इस उपचुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है और वार्ड क्रमांक-6 में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी की जीत होगी। उत्तमपाल सिंह ने कहा कि इस वार्ड में अब तक केवल दो बार भाजपा को जीत मिली है, जबकि अधिकांश समय यहां कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ही विजयी रहे हैं। इस बार भी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी की जीत निश्चित है।

अल्प वर्षा से बुवाई पर संकट नहर में पानी छोड़ने की मांग



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। जिले के बिस्टान उद्वहन माइको सिंचाई परियोजना से लाभान्वित होने वाले 92 गांव के किसानों ने अल्प वर्षा के कारण रबी फसल बुवाई में आ रही दिक्कतों को लेकर प्रशासन से नहर चालू करने की मांग की है। किसानों ने कलेक्टर और जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या बताई है।

किसान किरण कुशवाह ने सौंपे आवेदन में बताया कि इस वर्ष क्षेत्र में कम बारिश हुई है, जिससे जल संकट की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। खेतों में पर्याप्त नमी नहीं है। सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने से बुआई पिछड़ रही है। वर्तमान में गेहूं, चना और मक्का की बुवाई का समय है, जो पानी के अभाव में बीत रहा है। यदि समय रहते खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया गया, तो किसानों की बुवाई प्रभावित हो जाएगी। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इससे किसानों के सामने आजीविका का संकट भी खड़ा हो सकता है।

परियोजना की नहर चालू होना अत्यंत आवश्यक

किसानों ने बताया कि बिस्टान उद्वहन माइको सिंचाई परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई का एक मात्र साधन है। ऐसी परिस्थितियों में इस परियोजना की नहर चालू होना किसानों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि किसानों की वर्तमान स्थिति और अल्प वर्षा से उत्पन्न गंभीर समस्या को देखते हुए नहर को तत्काल प्रभाव से चालू करने के निर्देश दिए जाएं।

विधायक ने किए किला मंदिर में संतश्री के दर्शन

आष्टा। आष्टा नगर के सहारे नेमिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर में विराजित पूज्य संत श्री यशोजित विजयजी महाराज साहब एवं पूज्य मुनि श्री वीरतेन्द्र विजयजी महाराज की निश्रा में 51 दिवसीय उपधान तप की आराधना गतिमान है । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने किला मंदिर पहुँचकर पूज्य मुनिश्री के दर्शन कर उपधान तप की आराधना करने वाले तपस्वियों की सुखसाता पूछी। इस दौरान विधायक श्री नेमिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर किले पर चल रहे 51 दिवसीय उपधान तप के अंतर्गत तपस्वी आराधकों के निवि तप अनुमोदनार्थ कार्यक्रम में शामिल हुए।

इच्छानवमी पर ठाकुर बाबा आश्रम में प्रकृति का पूजन

भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद ने विद्यार्थियों को बताई वृक्षों की महत्ता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनूपपुर। भारतीय संस्कृति में प्रकृति को पूजनीय मानने की परंपरा को जीवंत करते हुए इच्छानवमी के पावन अवसर पर 19 नवंबर 2026 को शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बस्ती, अनूपपुर की छात्राओं ने ठाकुर बाबा आश्रम पहुंचकर प्रकृति पूजन किया। इस दौरान छात्राओं ने आंवले के वृक्ष के समीप विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कर प्रकृति के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इसके पश्चात छात्राओं ने आंवले के वृक्ष की छांव में सामूहिक रूप से बैठकर भोजन ग्रहण किया।

प्रकृति से जुड़ने का संदेश

कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को भारतीय परंपराओं में वृक्षों और प्रकृति के धार्मिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि आंवले का वृक्ष स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस आयोजन ने छात्राओं को



प्रकृति के करीब आने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का अवसर प्रदान किया।

पर्यावरण संरक्षण पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को देवतुल्य मानकर उसकी पूजा करने की परंपरा रही है। इच्छानवमी जैसे पर्व हमें वृक्षों के महत्व को समझने और उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती है। ऐसे में बच्चों को बचपन से ही पेड़-पौधों के संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना आवश्यक है।

विधायक परिहार के पुत्र गजैन्द्र का ह्दयघात से हुआ निधन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आगरमालवा। सुसनेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक भैरोसिंह परिहार के बड़े बेटे गजेंद्र सिंह (38) का गुरुवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे बड़ौद स्थित अपने निवास पर थे। सुबह करीब 9:30 बजे अचानक सीने में तेज दर्द और घबराहट होने पर परिजन ने बड़ौद में उनकी ईसीजी करवाई। इसके बाद उन्हें आगर मालवा के बैजनाथ हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टर निलेश मंगल ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक भैरोसिंह परिहार, जो उस समय विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर जाने वाले थे, तत्काल आगर पहुंचे। गजेंद्र सिंह राजस्थान के भवानीमंडी कृषि उपज मंडी के पूर्व चेयरमैन रह चुके थे। किसान होने के साथ राजनीति में सक्रिय थे उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।



विधायक परिहार के परिवार पर यह दूसरी बड़ी दुखद घटना है। इससे पहले 6 मार्च 2024 को उनके छोटे बेटे महेंद्र सिंह का बीमारी के चलते निधन हो गया था। विधायक के दो ही बेटे थे और अब दोनों का निधन हो चुका है। गजेंद्र सिंह के निधन की खबर फैलते ही सुसनेर विधानसभा क्षेत्र सहित जिले में शोक की लहर छा गई। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर 3 बजे पैतृक गांव रतनपुरा में किया गया।

पत्रकारों पर भड़कीं सीएमएचओ, बोलीं - वीडियो बनाकर कमियां उजागर मत कीजिए

सीएचसी के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों को दी कैमरा बंद करने की नसीहत, कहा गया- बाइट देना होगी तो बुला लेंगी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मोहन बड़ोदिया । गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉक्टर कमला आर्य मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। इस दौरान मौके पर मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों को देखकर वह एकदम से भड़क गईं। उन्होने पत्रकारों को कैमरा बंद रखने की नसीहत देते हुए नाराजगी भी जाहिर की।

उन्होंने इस दौरान साफ तौर पर कहा कि अगर कोई बाइक देना होगी तो वह लेंगी। वीडियो बनाकरकमियों को उजागर नहीं किया जाए।



निरीक्षण के लिए नहीं, प्रशिक्षण देने आई हूँ

सीएमएचओ कमला आर्य ने मीडिया से कहा कि वे यहां निरीक्षण करने नहीं, बल्कि डॉक्टरों को आवश्यक प्रशिक्षण देने आई हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशिक्षण के दौरान कोई कमी कैमरे में कैद हो गई और मीडिया ने उसे उजागर कर दिया तो इससे विभाग की बदनामी होगी। इसलिए कैमरा बंद रखें। जब भी मीडिया की जरूरत होगी, बाइट देने के लिए बुला लिया जाएगा। सीएमएचओ का यह रवैया लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। लोगों का कहना है कि सवाल यह है कि यदि किसी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षण या अन्य गतिविधियां चल रही हैं, तो मीडिया को उसकी कवरेज से रोकने की जरूरत क्यों महसूस हुई? गणमान्यजनों के अनुसार सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की व्यवस्थाओं और गतिविधियों को जनता तक पहुंचाना मीडिया की जिम्मेदारी है। ऐसे में अधिकारियों द्वारा कैमरा बंद रखने की हिदायत देना पारदर्शिता और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर सवाल खड़े करता है।

आध्यात्म | धार्मिक स्थल के रुप में विकसित करने का दिलाया भरोसा

देवनारायण बाबा पर चढ़ाया निशान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आष्टा। क्षेत्र की जीवनदायिनी पपनास नदी के किनारे स्थित भगवान देवनारायण बाबा जी के देवस्थान पर (ओटले) पर धूमधाम से निशान चढ़ाया गया। निशान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के साथ श्रद्धालुओं ने चढ़ाया । धनगर समाज एवं बाबा के भक्तों की ओर से आयोजित निशान ध्वजारोहण समारोह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का धनगर समाज ने विधायक का स्वागत सम्मान किया।

इस दौरान विधायक ने विधि-विधान से बाबा साहब की पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया तथा भगवान देवनारायण बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।



पडियार कमलेश धनगर का विधायक इंजीनियर ने सम्मान किया । इस दौरान विधायक ने देव स्थल के विकास के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही 5 लाख 51 हजार की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होने कहा कि देवनारायण बाबा जी के देवस्थान को भव्य धार्मिक स्थल के रुप में विकसित किया जाएगा

विधायक ने की 5 लाख 51 हजार रुपए देने की घोषणा

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की उक्त देवबाबा जी का स्थान जो कि श्रद्धा विश्वास का एक प्राचीन स्थल है । यहां जो भी विकास के कार्य होंगे। उन्हे कराये जाने के पूरे प्रयास करूंगा विधायक ने कहा कि मंदिर के विकास के लिए होने वाले निर्माण हेतु 5 लाख की मांग की गई है। वह 5 लाख 51 हजार रुपये देने की घोषणा करते है। विधायक की उक्त घोषणा पर समाजजनों, भक्तों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया ।विधायक इंजीनियर ने उक्त स्थल पर एक हैंडपंप लगवाने की भी घोषणा की। कार्यक्रम को कोठरी के पार्षद राधेश्याम दलपति ने भी संबोधित किया। धनगर समाज ने सभी अतिथियों,श्रद्धालुओं का स्वागत सम्मान किया । इसके साथ ही नर्मदा परिक्रमा पर जा रहे भक्त शिवनारायण धनगर का विधायक इंजीनियर ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर कार्यक्रम में धनगर समाज के अध्यक्ष अनिल धनगर कोठरी नप अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया,नगर महामंत्री मोहित सोनी मौजूद रहे।

वैष्णो धाम गरबा मंडल ने जीता प्रथम पुरस्कार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

कसरावद। समीपस्थ ग्राम नावडाटोडी के वैष्णो धाम गरबा मंडल ने ग्राम धरगाव में आयोजित गरबा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गाँव का नाम रोशन किया। श्री सावलिया श्याम धाम धरगाव मंदिर के प्रथम पाट महोत्सव के तहत 18 नवंबर से 22नवंबर तक आयोजित 5 दिवसीय कार्यकम के प्रथम दिवस 18 नवंबर को भव्य गरबा रास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ।गरबा रास प्रतियोगिता में गरबा टीमों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। नावडाटोडी के वैष्णो धाम गरबा मंडल ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। आयोजकों ने प्रथम पुरस्कार स्वरूप 33333 रुपये की राशि भेंट की। मंडल के प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। मां नर्मदा भक्त मंडल के बलराम केवट, विजय केवट, मिथुन राठौड़, कमलेश केवट, सहित ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दीं।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता **श्री आबेदा बी पतिश्री शेख नवाब मेहमूद**, विक्रेता **श्रीमती नाजिया खान** पता **176, अहमद नगर (पार्श्वकुंज कॉलोनी) खजराना, इन्दौर** पिन क्र. **1003100198**, झोन क्र. 10। इस जाहिर सूचना प्रकाशन 20.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 10 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **दिशा फाउण्डेशन, शुभम फाउण्डेशन, आदिशेव फाउण्डेशन, वैदिक फाउण्डेशन** पता **ए-2, ओसेर फोर्ट, 76, मुंडला नायता, भिचौली हप्सी, इन्दौर**, खाता क्र. **1003995938** झोन क्र. 19 क्रेता का नाम **श्री रविन्द्र मंगल।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **20.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता **श्री फिरोज खान पिताश्री मोहम्मद मेहमूद खान** विक्रेता **श्री मोहम्मद शकील** पता **49, सिल्वर कॉलोनी, खजराना, इन्दौर** पिन क्र. **9000039535**, झोन क्र. 10। इस जाहिर सूचना प्रकाशन 20.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 10 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/क्रेता **श्री जाकिर खान पिताश्री मेहमूद खान, श्रीमती फरहा पतिश्री मोहम्मद अनीस** विक्रेता **श्री अजहरूद्दीन पिता श्री जाकिरूद्दीन** पता **144, अहमद नगर खजराना, इन्दौर, इलियास कॉलोनी** पिन क्र. **1003094577**, झोन क्र. 10। इस जाहिर सूचना प्रकाशन 20.11.2026 से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 10 नगर पालिका निगम इंदौर

शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की है परियोजना, पत्थरों की हो रही बारिश

कान्ह डक्ट की ब्लास्टिंग से दहलता गांव, मकानों में दरारें

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



उज्जैन। सिंहस्थ 2028 से पहले शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए निमार्णाधीन महत्वाकांक्षी कान्ह डक्ट परियोजना अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। घट्टिया तहसील के ग्राम बड़वई में जून माह से टनल निर्माण के लिए की जा रही ब्लास्टिंग से करीब 650 ग्रामीणों की आबादी दहशत के साये में जीने को मजबूर है। ग्रामीणों का आरोप है कि अनियंत्रित और बिना पूर्व सूचना के किए जा रहे धमाकों से न केवल घरों की दीवारों में दरारें पड़ गई हैं, बल्कि छतों से सीमेंट-कंक्रीट उखड़कर गिर रहा है और घरों के आसपास पत्थरों की बारिश हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, ब्लास्टिंग से पहले न तो कोई चेतावनी दी जाती है, न सायरन बजाया जाता है और न ही धमाकों का कोई समय निर्धारित है। अचानक होने वाले तेज धमाकों से पूरा मकान हिलने लगता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने घरों के अंदर और छतों पर गिरते पत्थरों के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किए हैं। ब्लास्टिंग स्थल के समीप रहने वाले ग्रामीण अंतर सिंह पटेल ने बताया कि धमाकों के दौरान छत और गैलरी में पत्थर गिरने से मकानों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, संभागायुक्त आशीष सिंह और परियोजना अधिकारियों से शिकायत भी की है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

दीवारें चटक गई हैं और घर के बाहर खड़े वाहन भी क्षतिग्रस्त

ग्रामीण गोपाल आंजना ने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि पत्थर गिरने से पशुओं के शेड की चादरें टूट रही हैं, गोदामों के कॉलम व दीवारें चटक गई हैं और घर के बाहर खड़े वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीण रवि आंजना का कहना है कि अधिकारियों ने पूर्व में चर्चा के दौरान कम बारूद इस्तेमाल करने और मकानों को नुकसान से बचाने का आश्वासन दिया था, लेकिन धरातल पर कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों का सवाल है कि जब ब्लास्टिंग से पहले सूचना ही नहीं दी जाती, तो वे अपनी सुरक्षा के इंतजाम कैसे करें।

कलेक्टर रोशन सिंह ने लिया प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

दो दिन पहले कलेक्टर रोशन कुमार सिंह सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने बड़वई पहुंचकर प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। कलेक्टर ने ग्रामीणों को क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत कराने का भरोसा दिलाया है। गौरतलब है कि शिप्रा शुद्धिकरण के लिए 919.94 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 30.15 किलोमीटर लंबी कान्ह डक्ट परियोजना बनाई जा रही है। इसमें 12 किलोमीटर लंबी टनल और 18.15 किलोमीटर का हिस्सा कट एंड कवर तकनीक से निर्मित होगा।

दो सड़क हादसों में एक की मौत 8 लोग घायल

उज्जैन। गुरुवार तड़के दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की जान चली गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार इंदौर रोड स्थित एक होटल में आयोजित शादी समारोह में काम करने के लिए फतेहाबाद के कारीगर उज्जैन आए थे। उन्होंने रेलवे स्टेशन के बाहर से होटल जाने के लिए ऑटो लिया था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे ऑटो निनौरा के पास पहुंचा, तभी इंदौर पासिंग कार तेज रफ्तार में रिवर्स लेते हुए आई और ऑटो से जा टकराई। टक्कर से ऑटो चालक हरीश और उसमें सवार राजेश, अशोक, रवींद्र, मंगूलाल, राकेश, अवधेश और सतीश घायल हो गए। सभी फतेहाबाद के निवासी हैं। राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को चरक अस्पताल पहुंचाया, वहीं दूसरा हादसा रामगढ़ फंटे पर हुआ। किसान हटेसिंह (53) ई-बाइक से खेत से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हेल की ओर से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो खेत में उतर गई। हादसे में हटेसिंह की मौत हो गई, जबकि स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

भगवान महाकाल मंदिर के प्रशासक को हटाने की मांग

करणी सेना ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



उज्जैन। भगवान श्री महाकालेश्वर जी मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ कथित दुर्व्यवहार और लगातार बिगड़ती व्यवस्थाओं के विरोध में गुरुवार को करणी सेना ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक को पद से हटाने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान करणी सेना के कार्यकर्ता और संत हाथों में विरोध की तख्तियां लेकर तरणताल चौराहे से रैली के रूप में नारे लगाते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

दोषी सुरक्षाकर्मियों को संरक्षण देने का आरोप

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि महाकाल मंदिर में हाल के दिनों में अव्यवस्थाएं चरम पर हैं। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के साथ हुई अभद्रता, आम श्रद्धालुओं के साथ मारपीट और वीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर सामने आ रही घटनाओं से आस्था को ठेस पहुंच रही है। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक पर दोषी सुरक्षाकर्मियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की।

विश्वभर में मंदिर की छवि धूमिल होने का आरोप

इस मौके पर करणी सेना के शैलेंद्र सिंह झाला ने कहा कि प्रशासक के कार्यकाल में हो रही अनियमितताओं के कारण विश्वभर में मंदिर की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही प्रथम कौशिक को नहीं हटाया और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया, तो करणी सेना इस मुहिम को अपने हाथ में लेगी और मंदिर की छवि खराब करने वालों को जूते की माला पहनाई जाएगी। साथ ही उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

मंदिर करोड़ों भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र

करणी सेना के नगर अध्यक्ष लव ठाकुर ने कहा कि महाकाल मंदिर देश-विदेश से आने वाले करोड़ों भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां दर्शन के लिए आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए और मंदिर प्रशासन को सुगम व बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी चाहिए।

खाटू श्याम धाम में आज मनेगा बाबा का जन्मोत्सव

112 व्यंजनों व ड्रायफ्रूट की सवामणी का लगेगा भोग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



देवास। अमृत नगर स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम धाम मंदिर में देव उठनी एकादशी के पावन अवसर पर कल 20 नवंबर को खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार कर मेवे एवं मिल्क केक का भोग लगाया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जा रहा है। आयोजन में पवित्र ज्योत दर्शन के साथ बाबा को 112 व्यंजनों एवं ड्रायफ्रूट की सवामणी अर्पित की जाएगी, वहीं 101 दीपों से बाबा श्याम की भव्य महाआरती की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए फरियाली खिचड़ी एवं फलों का प्रसाद वितरित किया जाएगा। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर के पट पूरे दिन भक्तों के दर्शनार्थ खुले रहेंगे।

इसके साथ ही जवाहर नगर स्थित 106, मुख्य मार्ग, एलआईजी के सामने, साईं मंदिर के पास, बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों एवं श्याम भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तीन बाण धारी बाबा श्याम के जन्मोत्सव को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाने तथा बाबा के दर्शन कर भंडारे की महाप्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

चक्रवात अकवान का दिखा शहर में असर

15 किमी की रफ्तार से चली सर्द हवाएं, दिन में धूप, शाम को गर्म कपड़ों में नजर आए लोग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



शाजापुर। आंध्र से उठे चक्रवात का असर नगर में भी दिखाई दे रहा है। इस चक्रवात से मौसम ने अचानक करवट बदली और लोगों को अपनी दिनचर्या को बदलना पड़ा। चक्रवात की वजह से हवाओं की दिशा उत्तरी पूर्वी हो गई जिसकी ठंडक ने लोगों को अब सर्दी का एहसास करा दिया है। अब तक 30 डिग्री से अधिक चल रहा तापमान घटकर 26 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग की माने तो आगामी एक दो दिन इस चक्रवात का असर रहेगा और मौसम सर्द बना रहेगा।

अब तक नगर का मौसम दिन में गर्म बना हुआ था और रात को हल्की ठंडक का एहसास हो रहा था। लेकिन गुरूवार सुबह से ही मौसम पूरी तरह बदल गया। सुबह-सवेरे सैर पर जाने वाले लोगों को जहां गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा तो दिन में धूप से परहेज करने वाले धूप का आनंद लेते दिखाई दिए। क्योंकि पूरे दिन 15 किमी की रफ्तार से चली उत्तर-पूर्वी हवाओं ने डेरा डाले रखा। जिसके चलते लोगों को दिनभर ठंडक का एहसास होने लगा। शाम को भी ठंडी हवाओं के चलते लोगों को गर्म कपड़ों के सहारे ही समय गुजारना पड़ा। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि कुछ दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद सर्दी और बढ़ेगी।

एक ही दिन में 4 डिग्री कम हुआ तापमान

चक्रवात के असर के चलते एक ही दिन में तापमान में 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इसके पहले नगर का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री था जो गुरूवार को घटकर 26.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं रात का तापमान 15 डिग्री से घटकर 13 डिग्री तक पहुंच गया।

मौसम विशेषज्ञ धनोतिया ने बताया कि तापमान और कम हो सकता था लेकिन फिलहाल हवाओं की गति कम होने से उम्मीद के अनुसार मौसम परिवर्तन नहीं हुआ है। आगामी दिनों में इसका असर और बढ़ेगा और लोगों को सर्दी का एहसास होगा। उन्होंने बताया कि रात का तापमान 10 डिग्री तक भी पहुंच सकता है। इसके बाद आसमान पर बादल छाएंगे और 21 से 23 नवंबर तक हल्की बारिश की भी संभावना है। नगर में भी बूंदाबांदी की संभावना है।

तंबाकू सेवन करने वाले 15 लोगों के काटे चालान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण एवं जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में बागली में तंबाकू नियंत्रण एवं जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का नेतृत्व डॉ. अदिति इंगले द्वारा किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि अभियान के दौरान तंबाकू सेवन छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को निःशुल्क निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी) वितरित की गई। साथ ही उन्हें तंबाकू एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए तंबाकू छोड़ने के लिए आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई भी की गई। इस दौरान आमजन को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्परिणामों, विशेषकर कैंसर, हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। सीएमएचओ डॉ. बेक ने बताया कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए तंबाकू मुक्त वातावरण आवश्यक है। तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा उन्हें तंबाकू छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश

देवास। निगम में जन सुनवाई महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के प्रवास पर होने के कारण जनसुनवाई निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा की गई। संदीपनी स्कुल के पास बालगढ रोड पर आसपास के रहवासियों द्वारा गंदगी फैलाकर वातारण दुषित करने, पुष्पकुंज कालोनी में सिवरेज के पानी की निकासी करवाने, सुतार बाखल गली नम्बर 1 में नाली की गाद निकालने एवं गणेशपुरी/चन्द्रलोक नगर एवं लेबर कालोनी में नाले की सफाई करवाने व अन्य समस्याओं के आवेदन नागरिकों से प्राप्त किए। प्राप्त आवेदनों पर उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनका निराकरण समय सीमा में किए जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल, प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी आदि मौजूद थे।

इंदिरा गांधी की प्रतिमा की सफाई नहीं होने पर कांग्रेस ने किया चक्काजाम

इंदिरा गांधी चौराहे पर लगा जाम, दोनों ओर एक-एक किलोमीटर तक वाहनों की कतार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



देवास। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जन्मजयंती पर प्रतिमा की सफाई और माल्यार्पण की व्यवस्था नहीं होने से गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने इंदिरा गांधी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। करीब आधे घंटे तक चले प्रदर्शन के कारण इंदौर मार्ग सहित चौराहे के दोनों ओर लगभग एक-एक किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम और ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी ने नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

उनका कहना था कि कार्यक्रम की सूचना एक दिन पहले ही निगम को दे दी गई थी। प्रतिमा की सफाई, आसपास चूने की लाइन डालने और ऊंचाई के कारण माल्यार्पण के लिए लिफ्ट उपलब्ध कराने की मांग भी की गई थी। प्रयास गौतम ने आरोप लगाया कि सुबह जिम्मेदार अधिकारियों को तीन बार फोन करने के बावजूद सफाई और लिफ्ट की व्यवस्था नहीं की गई। प्रदर्शन की सूचना पर ट्रैफिक टीआई पवन बागड़ी मौके पर पहुंचे और कांग्रेस नेताओं से चर्चा की। इसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और यातायात बहाल किया गया। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और प्रतिमा की सफाई शुरू की। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए स्थायी सीढ़ियां या चढ़ाव बनाया जाए, ताकि भविष्य में जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर ऐसी अव्यवस्था न हो। उन्होंने प्रतिमाओं की नियमित सफाई और कार्यक्रमों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही।

त्यौहार भगवान श्री शालिग्राम और तुलसी माता का विवाह आज

गणेश पूजन हुआ, आज विवाह की रस्में

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



शाजापुर। जिले के ग्राम तिंगजपुर में भगवान श्री शालिग्राम जी एवं तुलसी माता जी के विवाह समारोह के दौरान गुरुवार को भगवान श्रीगणेशजी का पूजन हुआ, वही हल्दी और मेहंदी सहित अन्य मांगलिक रस्में निभाई गई। कल 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के अवसर पर भगवान श्री शालिग्राम जी और तुलसी माता जी का विवाह समारोह आयोजित होगा। इस दौरान बारात और जुलूस निकाला जाएगा।

इससे पहले बुधवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माता पूजन से हुई। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव और भक्ति का माहौल नजर आया। ढोल-नगाड़ों, डीजे और आतिशबाजी के बीच भगवान शालिग्राम एवं तुलसी माता का भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और ग्रामीण शामिल हुए। आयोजन के तहत तुलसी माता को धनगर मोहल्ले से ढोल-ढमाकों के साथ सजाकर लाया गया तथा भगवान श्री शालिग्राम को श्रीकृष्ण मंदिर से विधि-विधान के साथ आयोजन स्थल तक लाया गया।

शोभायात्रा निकालकर किया गया माता जी का पूजन

भगवान श्री शालिग्राम जी एवं तुलसी माता शोभायात्रा के दौरान दोनों को अलग-अलग सुसज्जित वेदियों पर विराजित किया गया। इसके बाद भगवान शालिग्राम और तुलसी माता को एक साथ लेकर माता पूजन के लिए भव्य चल समारोह निकाला गया। इस चल समारोह में श्रद्धालु ढोल और डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। आतिशबाजी से गांव का माहौल उत्सवमय हो गया। महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने घरों के सामने आकर्षक रंगोलियां बनाई थीं। कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर भगवान शालिग्राम और तुलसी माता के दर्शन किए गए।

पारिवारिक विवाद में युवती ने खाया जहर, गंभीर

शाजापुर। जिले के ग्राम लालाखेड़ी में एक 32 वर्षीय युवती ने पारिवारिक विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर है। बताया गया कि युवती ने एक युवक से प्रेम विवाह किया था। इस शादी से उसके पति के परिवार के कुछ सदस्य नाराज थे। इसे लेकर परिवार में आए दिन विवाद होता था। बुधवार को भी पति और युवती के बीच परिवार से अलग रहने की बात पर कहासुनी हुई। इसके बाद युवती ने सल्फास खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि बुधवार शाम जहर खाने के बाद युवती को अस्पताल लाया गया था। वह आईसीयू में भर्ती है और उसका इलाज जारी है। डॉ. सिंह के मुताबिक इलाज के बाद ही युवती की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। अगले 24 घंटे उसके लिए अहम हैं।

पुलिसकर्मियों को दी सीईआईआर टेफेको एवं संचार साथी की जानकारी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



शाजापुर। सीईआईआर व टेफको पोर्टल का उपयोग कैसे करें और कैसे गुम हुए मोबाइल को ब्लॉक व अन ब्लॉक करें। साथ ही किस नंबर से कितने कनेक्शन है इसकी जानकारी कैसे जुटाई जाए। इसे लेकर पुलिस कंट्रोल रूम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बाहर से आए अधिकारियों ने में पुलिसकर्मियों को विस्तार से बताया।

प्रशिक्षण में दूरसंचार विभाग से आए प्रतिनिधियों गोपाल कुर्मी एवं राहुल जैन द्वारा संचार साथी पोर्टल के अंतर्गत सीईआईआर एवं टेफको पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान साइबर सुरक्षा, डिजिटल इंटेलिजेंस एवं साइबर अपराधों की रोकथाम तथा विवेचना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

गुम एवं चोरी मोबाइल फोन को ब्लॉक करना बताया

इस दौरान पोर्टल के माध्यम से गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक कराने, उनकी स्थिति का पता लगाने एवं बरामदगी की प्रक्रिया तथा किसी व्यक्ति के नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शनों की जानकारी प्राप्त करने के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाया गया, वहीं दूरसंचार विभाग की विभिन्न डिजिटल सुरक्षा पहलों की जानकारी देते हुए चक्षु सुविधा के माध्यम से संदिग्ध एवं धोखाधड़ी वाले संदेशों की रिपोर्ट करने तथा डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफार्म की उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस दौरान गुम मोबाइल फोन रिकवर करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना कोतवाली हेल्प डेस्क के आरक्षक अनिल परमार एवं थाना कालापीपल हेल्प डेस्क के आरक्षक राहुल मेवाड़ा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी प्रियंका शुक्ला, एएसपी महेंद्र तारणेकर, आरआई वंदना सिंह, सूबेदार नेहा पवार आदि उपस्थित थे।

सड़क पर काल बनी रफ्तार और लापरवाही

तीन हादसों में दो महिलाओं की मौत, 5 पुरुष घायल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। जिले में बीते 24 घंटों के दरमियानी तीन बड़े सड़क हादसों में एक मजदूर सहित दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इन हादसों में 4 पुरुष भी घायल हुए हैं। खास बात यह है कि इन तीनों ही हादसों को अंजाम देने वाले वाहन चालक या तो वाहन लेकर रफूचक्कर हो गए या फिर घायलों को तड़पता छोड़कर वाहन से उतरकर भाग निकले।

दरअसल, बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे गुना से इंदौर जा रही कमला बस में बीनागंज के पास जोगीपुरा टोल के पास पीछे से आ रहे एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बस में सवार एक महिला मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 से 5 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी सामने आई है कि यात्रियों से पूरी तरह भरी कमला बस बुधवार रात साढ़े 9 बजे गुना से इंदौर के लिए रवाना हुई थी।

बस में ज्यादातर गुना क्षेत्र के वे मजदूर सवार थे, जो काम की तलाश में इंदौर जा रहे थे। रात लगभग साढ़े 11 बजे जब बस जोगीपुरा टोल के पास खड़ी थी, तभी पीछे से आए एक ट्रक ने उसे सीधा टक्कर मार दी। अचानक हुई इस टक्कर से बस के अंदर सो रहे यात्रियों में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाला। गंभीर रूप से



घायल 4 से 5 यात्रियों को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

केदारनाथ क्षेत्र की थी मृतक महिला

हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान गुना जिले के केदारनाथ क्षेत्र निवासी लगभग 50 वर्षीय जानकी बाई पत्नी काल सिंह बारेला के रूप में हुई है, जो मजदूरी के लिए इंदौर जा रही थीं। पुलिस ने बीनागंज अस्पताल में महिला का पोस्टमार्टम कराया है। साथ ही, दुर्घटना करने वाले ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

ट्रॉली में भिड़ी तेज रफ्तार बाईक, तीन घायल

नेगमा के पास एक तेज रफ्तार बाईक ट्रैक्टर के पीछे लगी ट्रॉली से टकरा गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी सामने आई है कि करन सिंह भिलाला अपने दो चाचा गोपाल सिंह भिलाला और दिलीप भिलाला के साथ बाइक पर सवार होकर गुना की तरफ आ रहे थे। करन सिंह को गुना से ट्रेन पकड़कर झाबुआ जाना था। बताया जा रहा है कि उनकी मोटरसाइकिल की लाइट कम थी। इसी दौरान नेगमा के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मुड़ने का प्रयास किया, जिससे उसकी ट्रॉली सड़क पर आ गई। लाइट कम होने के कारण बाइक चला रहे करन सिंह को ट्रॉली दिखाई नहीं दी और बाइक सीधे उससे जा टकराई। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में दिलीप भिलाला को गंभीर चोटें आई हैं, जिनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल रेफर कर दिया है। वहीं अन्य दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शादी से लौट रहे दम्पत्ति की बाईक में बस ने मारी टक्कर, पत्नि की मौत

आरोन-गुना रोड पर सेमरी मंदिर के पास गुरुवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक तेज रफ्तार बस ने शादी समारोह से लौट रहे दंपत्ति की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 34 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। अशोकनगर जिले के कदवाया निवासी आविद खान अपनी पत्नी रुखसार के साथ आरोन में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। गुरुवार सुबह दोनों मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे, तभी सेमरी मंदिर के पास पीछे से आ रही एक बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में रुखसार गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल मदद करते हुए घायल महिला को एक कार के माध्यम से उपचार के लिए गुना जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने फरार बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। आविद खान ने पुलिस को बस कंपनी का नाम बताया है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।



सुगन चौराहे पर बीच सड़क कार खड़ी कर चालक लापता

30 मिनट तक जाम में फंसे रहे लोग और स्कूली बच्चे

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। सुगन चौराहे पर बीच सड़क पर कार खड़ी कर चालक के लापता हो जाने से करीब 30 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान मौके पर कोई यातायात पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था, जिसके चलते आम राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के मुताबिक चौराहे के पास ही बापू पार्क में पार्किंग स्थल होने के बावजूद कार चालक ने लापरवाही बरतते हुए अपना वाहन बीच सड़क पर ही खड़ा कर दिया। जब आसपास के दुकानदारों ने कार हटाने के लिए चालक को टोका, तो वह यह कहकर वहां से चला गया कि यह आपका काम नहीं है, ट्रैफिक पुलिस का काम है, आप अपने काम से काम रखें।

इसके बाद करीब आधे घंटे तक चौराहे पर यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। जाम में फंसे वाहन चालक लंबे समय तक लगातार हॉर्न बजाते रहे, जिससे आसपास के दुकानदार भी खासे परेशान हुए।

मारपीट: एफआईआर से नाराज लोगों ने घर में लगाई आग



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम उमरियापुरा में मारपीट की एफआईआर दर्ज कराने से आक्रोशित आरोपियों द्वारा फरियादी के घर में आग लगाने और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित रोडीलाल पुत्र लक्ष्मण भील ने गुरुवार को गुना पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि 18 नवंबर को गांव के ही नेनकराम, समंदर, फूल सिंह, बने सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ उनका विवाद हुआ था, जिसमें आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की थी। परिवार वालों के बीच-बचाव के बाद रोडीलाल ने मृगवास थाने में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी थी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने रोडीलाल के घर पहुंचकर आग लगा दी, जिससे घर में रखी मक्का की फसल जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित ने आरोपियों पर घर में तोड़फोड़ करने और मौके पर फायरिंग करने का भी दावा किया है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

श्री दिगंबर जैन महासमिति के पदाधिकारियों ने समारोहपूर्वक ली अपने-अपने दायित्व की शपथ

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। श्री दिगंबर जैन महासमिति एवं श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति का राष्ट्रीय एवं मध्यांचल शपथ ग्रहण समारोह इंदौर के साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह इंदौर में भव्यता एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अशोकनगर से हिंदू गांधी को समिति में राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया।

समारोह में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणेन्द्र जैन (दिल्ली), महामंत्री राजीव जैन (अलीगढ़), महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू अजमेरा (इंदौर), महामंत्री इंदु गांधी (अशोकनगर) एवं उपाध्यक्ष इंदिरा पाली सहित अन्य सदस्यो ने भी शपथ ली

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर अशोकनगर की श्रीमती सुनीता चौधरी, श्रीमती सुधा जैन एवं श्रीमती विभा मोदी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों की शपथ ग्रहण की। इसी



क्रम में मध्यांचल के पदाधिकारियों का भी शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। मध्यांचल में श्रीमती सपना अजमेरा को महिला प्रकोष्ठ मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। साथ ही श्रीमती मीना जैन रसीला, श्रीमती नीतू जैन मुंद्रा, श्रीमती विनिता जैन, श्रीमती प्रियंका जैन, श्रीमती उषा नैनई एवं श्रीमती प्रतिभा जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी मध्यांचल के विभिन्न दायित्वों की शपथ ली।

कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत सुंदर, व्यवस्थित एवं अनुशासित तरीके से किया गया। इंदौर की महिलाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में संगठन की एकजुटता, सेवा भावना एवं सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती इंदु जी गांधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को एकजुट होकर समाजहित में अच्छे और रचनात्मक कार्य करने चाहिए। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई योजना बनाने की बात कही, जिसके अंतर्गत आर्थिक अथवा अन्य कारणों से पढ़ाई करने में असमर्थ विद्यार्थियों की शिक्षा की व्यवस्था समिति के माध्यम से करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही समाज की विभिन्न सामाजिक गतिविधियों एवं सेवा कार्यों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

समारोह में संगठन की एकता, आपसी सहयोग, सेवा भाव और समर्पण की भावना विशेष रूप से देखने को मिली। इस भव्य आयोजन में विभिन्न संभागों एवं इकाइयों से लगभग 500 पाधिकारियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम के अंत में समस्त पदाधिकारियों ने निर्यापक मुनि श्री 108 सुधासागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन कर उनका मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। समग्र रूप से यह शपथ ग्रहण समारोह संगठन की एकजुटता, महिला शक्ति, सामाजिक सेवा एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। बैठक में मुख्य सचिव ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन (रजिस्ट्री) की जिलेवार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वामित्व रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के अंतर्गत अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए इनके निराकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला स्तर पर एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी ने सहभागिता की।

देवोत्थान एकादशी पर आज निकलेगी भव्य मंगल प्रभात फेरी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। सनातन धर्म की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से धार्मिक-सांस्कृतिक संस्था अक्षरपीठ द्वारा देवोत्थान एकादशी (देवउठनी ग्यारस) के पावन अवसर पर शुक्रवार, 20 नवंबर को भव्य मंगल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

प्रभात फेरी प्रातः 4:45 बजे पुराना बाजार स्थित श्री राजराजेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी। प्रभु श्रीराम के जयघोष एवं संकीर्तन के साथ निकलने वाली यह प्रभात



फेरी विदिशा रोड, लंबरदार गली, मोती मोहल्ला, बजरिया मोहल्ला, इंदिरा पार्क, रामलीला मंच, तुलसी पार्क एवं गांधी पार्क होते हुए पुनः पुराना बाजार स्थित पुरानी गढ़ी के श्री गोपालजी मंदिर पहुंचेगी। यहां देव प्रबोधन मंत्रों का सामूहिक उच्चारण किया जाएगा।

आयोजक समिति ने बताया कि देवोत्थान एकादशी का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इस पावन अवसर पर आयोजित मंगल प्रभात फेरी नगर में धर्म, भक्ति, आध्यात्मिक चेतना एवं सामाजिक समरसता का संदेश देगी।

संस्था की ओर से विशेष रूप से कार्तिक व्रत करने वाली माताओं-बहनों सहित समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से प्रभात फेरी में सम्मिलित होकर नगर देव परिक्रमा का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

हिरणों के अवैध शिकार पर निकले दो आरोपी गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। जिला वन मंडल अधिकारी श्रीमती प्रतिभा अहिरवार के दिशा निर्देश पर जिले के वन क्षेत्र अशोकनगर, मुंगावली एवं चंदेरी के रेंज ऑफिसर वन क्षेत्रों के स्टाफ के साथ जंगलों की सुरक्षा एवं वन प्राणियों के संरक्षण में डीएफओ के संवेदनशील नेतृत्व में मुहिम को सफल बनाने में जुटे हैं, विगत रोज वन मंडल अशोकनगर के अंतर्गत वन प्राणी संरक्षण और अवैध शिकार को रोकने के लिए मुंगावली परिक्षेत्र को सूचना मिली थी कि हिरणों के अवैध शिकार



करने के लिए शिकारी राजपुर क्षेत्र के जंगल में घूम रहे हैं। रेंज ऑफिसर ऋषि प्रजापति ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन सुरक्षा टीम के साथ रवाना हुए हिरणों का शिकार करने आये दो आरोपियों को शिकार उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है।

मौके का फायदा उठाकर एक आरोपी फरार होना बताया है रेंज ऑफिसर ऋषि प्रजापति ने बताया हिरणों के शिकार में संलिप्त राजकुमार निवासी मऊआलमपुर, शिव नारायण एवं भगवत जुगया को पड़ोस के गाँव से दविश देकर गिरफ्तार किया है। जंगलों से शिकार रोकने की मुहिम में अरविंद सिंह राजपूत, प्रमोद प्रजापति, राजू रघुवंशी, रामेश्वर सिंह, विनीता साहू, अजहर खान, अनिल रघुवंशी, सोनू रघुवंशी, दीपेंद्र रघुवंशी, राहुल धाकड़, कृष्णपाल यादव, शीलेन्द्र यादव, गौरव नामदेव की सक्रिय भूमिका में जंगलों में वृक्षों की अवैध कटाई प्रतिबंधित लकड़ियों का परिवहन एवं वन प्राणियों की सुरक्षा की रोकथाम में तथा वनों को नुकसान पहुंचा रहे आरोपियों की धरपकड़ में सराहनीय भूमिका सामने आई है।

युवक ने महिला का पीछा करके की जबरन स्कूटी पर बैठाने की कोशिश

बूढ़े बालाजी क्षेत्र में दुस्साहसिक वारदात

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बूढ़े बालाजी इलाके में बुधवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक संदिग्ध युवक ने महिला का पीछा करते हुए उसके घर तक पहुंचकर जबरन स्कूटी पर बैठाने का प्रयास किया। हालांकि, महिला के शोर मचाने पर परिजनों और स्थानीय लोगों की सतर्कता के चलते युवक का यह दुस्साहस नाकाम हो गया और उसे मौके पर ही दबोच कर डायल 112 पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

घटना बुधवार 18 नवंबर की रात करीब 9 बजे की है। बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार एक युवक ने महिला का पीछा किया और वह सीधे उसके घर तक जा पहुंचा। वहां उसने महिला को जबरन अपनी स्कूटी पर बैठाकर ले जाने की कोशिश की।

अचानक हुई इस हरकत से घबराई महिला ने चीख-पुकार मचा दी। आवाज सुनते ही घर के सदस्य और आसपास के रहवासी तुरंत बाहर निकल आए और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर सिटी कोतवाली थाने ले गई।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने खुद को ईसागढ़ का निवासी बताया है। साथ ही वह गुना के कैंट क्षेत्र में रहने और शहर में पर्स बेचने का काम करने की बात कह रहा है।

फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक रात के समय बूढ़े बालाजी क्षेत्र में कैसे पहुंचा और महिला का पीछा कर उसे ले जाने के पीछे उसकी वास्तविक मंशा क्या थी।

अवैध खनिज परिवहन पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

गुना। जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश और जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के मार्गदर्शन में विभाग की टीम ने आकस्मिक भ्रमण के दौरान यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, गुना शहर में गोपालपुरा रोड पर बिना रॉयल्टी के बजरी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया। वहीं म्याना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। दोनों मामलों में नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

कुम्भराज पुलिस की तत्परता से बुजुर्ग को वापस मिले 50 हजार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। पुलिस केवल अपराधों पर अंकुश लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता से निराकरण करना भी उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी का उदाहरण कुम्भराज थाना पुलिस ने प्रस्तुत किया है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 76 वर्षीय बुजुर्ग के 50 हजार रुपए नकद से भरे खोए हुए बैग को महज कुछ ही घंटों में तलाशकर सुरक्षित लौटा दिया।

जानकारी के अनुसार, 76 वर्षीय ओमप्रकाश पाराशर का 50 हजार रुपए नकद से भरा बैग रास्ते में कहीं गिर गया था। अपनी मेहनत की कमाई खो जाने से परेशान बुजुर्ग ने कुम्भराज थाने पहुंचकर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित अग्रवाल को अपनी समस्या बताई।

बुजुर्ग की परेशानी और मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने तत्काल सक्रियता दिखाई। उन्होंने केवल पुलिस टीम को निर्देशित करने तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि व्यक्तिगत रूप से तलाश की कमान संभाली। उन्होंने संभावित रास्तों पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और आवश्यक जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी की निगरानी और पुलिस टीम के समन्वित प्रयासों के चलते कुछ ही घंटों में बुजुर्ग का बैग तलाश लिया गया। बैग में रखी पूरी 50 हजार रुपए की राशि सुरक्षित मिलने पर उसे ओमप्रकाश पाराशर को सुपुर्द कर दिया गया।

अपनी खोई हुई रकम वापस पाकर बुजुर्ग के चेहरे पर राहत और खुशी दिखी। उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और उनका सम्मान भी किया है।

अन्नकूट महोत्सव आयोजित

गुना। श्री बालाजी मंदिर उदासी आश्रम में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान बालाजी को 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया और विधिवत महा आरती की गई। महा आरती के बाद शुरू हुआ अन्नकूट प्रसादी वितरण का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

NAME CHANGE

I, **BAKSHRAJ SINGH, S/o PRABHDEEP SINGH SANDHU, resident of Village Kukretha,** Chanderi, District Ashoknagar, Madhya Pradesh, hereby declare that I have changed my name from **BAKSHRAJ SINGH to BAKSHRAJ SINGH SANDHU.** Henceforth, I shall be known and identified by my new name **BAKSHRAJ SINGH SANDHU** for all purposes and in all records.

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)